इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 247 राजनांदगांव, शुक्रवार 25 जुलाई 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर संसद में संग्रामः चौथे दिन भी नहीं चल सके सदन; जमकर हुई नारेबाजी

नई दिल्ली। जैसी कि मानसून सत्र को लेकर आशंका जताई जा रही थी, बिल्कुल वैसा ही हाल संसद का दिखाई भी दे रहा है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर तो चर्चा के लिए सरकार सहमत हो गई, लेकिन बिहार मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसा संग्राम छिड़ा है कि संसद के दोनों सदन लगातार चौथे दिन भी इसी पर हंगामे की भेंट चढ़ गए।

राज्यसभा की कार्यवाही जरूर कुछ देर तक चली, लेकिन सिर्फ सेवानिवृत्त हो रहे छह सदस्यों की विदाई तक ही विपक्षी खेमे ने संयम बरता। राजनीति को गर्माने वाले कुछ ऐसे ताजा मुद्दे हैं, जिनके कारण संसद का मानसून पटरी ही नहीं चढ़ पा रहा है। इस बीच बुधवार को हुई राज्य सभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच इस पर सहमति बन गई थी कि राज्य सभा को कम से कम सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के लिए चलाया जाए।

### 6 सांसदों का पूरा हो रहा कार्यकाल

हुआ भी यही, गुरुवार को राज्य सभा की कार्यवाही शुरू हुई। कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उसके बाद उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सूचना दी कि तमिलनाडु



से ही आने वाले छह सांसद एमडीएमके सदस्य एम. वाइको, डीएमके सदस्य एन. शनगुनम व एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, एआईएडीएमके सांसद एम. चंद्रशेखरन व पी. विल्सन और पीएमके से डा. अंबूमणि रामदास का कार्यकाल पूरा हो रहा है। ऐसे में नेता सदन जेपी नड्डा, उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी सहित दलों के प्रमुख नेताओं ने इन सदस्यों के संसदीय योगदान की सराहना करते हुए विदाई वक्तव्य दिया। यह भी बताया गया कि इनमें से पी. विल्सन का फिर से राज्य सभा में आना तय हो गया है। इन भावपूर्ण वक्तव्यों के लिए उपसभापति ने सदन की सहमति से प्रश्नकाल का भी लगभग आधा घंटा इसमें शामिल करा लिया।

### हंगामे की भेंट चढ़ा एक और दिन

विदाई भाषण पूरे होने के बाज जैसे ही उपसभापति ने शेष 30 मिनट के लिए प्रश्नकाल को आरंभ करना चाहा, वैसे ही विपक्षी सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गए। बिहार मतदाता सघन पुनरीक्षण के मुद्दे पर हंगामा व नारेबाजी करने लगे। इस पर पहले दोपहर दो बजे तक और फिर पूरे दिन के लिए कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। ठीक इसी तरह लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग के मतदाता सघन पुनरीक्षण में धांधली के मुद्दे को उठाते हुए हंगामा-नारेबाजी शुरू कर दी। सदन में तख्तियां दिखाने और मेजें थपथपाने को संसदीय गरिमा के विरुद्ध बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों को समझाने और शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। परिणाम स्वरूप वहां भी प्रश्नकाल तक नहीं चल सका। पहले दो बजे तक और फिर शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। लेकिन हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। फिर सदन की कार्यवाही दो बजे शुरू होने पर विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील डन

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर गुरुवार को मुहर लग गई. पीएम मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए. इस ट्रेड डील के तहत, ब्रिटेन 99 फीसदी भारतीय उत्पाद-सेवाओं पर टैरिफ घटाएगा. जबकि ब्रिटेन के 90 फीसदी प्रोडक्ट्स को इस ट्रेड डील के जरिये न्यूनतम स्तर पर लाया जाएगा. इस मुक्त व्यापार समझौते के तहत, भारत ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की, कारों और चॉकलेट-बिस्किट जैसे खाद्य उत्पादों पर टैरिफ घटाएगा. दूसरी ओर भारत के उत्पादों पर लगने वाली टैरिफ भी कम होगी.



समझौते पर हस्ताक्षर के बाद कीर स्टार्मर बोले- यह नौकरी, व्यापार और जीवन स्तर के लिए बड़ी जीत

व्हिस्की पर टैरिफ 150 फीसदी से घटाकर 90 प्रतिशत पर लाया जाएगा. अगले 10 सालों में इसे 40 फीसदी पर लाया जाएगा. वहीं ब्रिटेन भारत के फुटवियर, टेक्सटाइल, रत्न एवं आभूषण, मशीनरी-इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स पर आयात शुल्क शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाएगा. इससे भारत में आगरा-कानपुर के चमड़ा उद्योग, सूरत-लुधियाना-वाराणसी के टेक्सटाइल उद्योग और सूरत-मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग को सस्ता बाजार मिलेगा.

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के फल-सब्जियों, मसालों पर भी ब्रिटेन टैरिफ खत्म करेगा. भारत कम लागत में अपने उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में बेच सकेगा. कपड़ा उद्योग क्षेत्र में बांग्लादेश-वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत बेहतर प्रतिस्पर्धा कर पाएगा. ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि इससे दोनों देश के बीच व्यापार बढ़ेगा. स्कॉटलैंड के व्हिस्की उद्योग को काफी फायदा मिलेगा. स्टार्मर ने कहा कि इससे 6 अरब पाउंड का नया निवेश पैदा होगा. हजारों रोजगार पैदा होंगे. इससे खेल के सामान, मशीनरी, कपड़े-जूते (कोल्हापुरी चप्पल समेत) और सोने-चांदी के आभूषणों का काम करने वाले कारीगरों को भी फायदा होगा. पीएम मोदी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लाल आतंक को सबसे बड़ा झटकाः बस्तर संभाग में 67 नक्सलियों ने किया सरेंडर

रायपुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में लाल आतंक को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। बस्तर संभाग में 67 नक्सलियों ने आज 24 जुलाई को हरेली तिहार पर सरेंडर किया है। इनमें कांकेर जिले में 13, नारायणपुर जिले में 8, सुकमा में 5, दंतेवाड़ा में 16 और बीजापुर में 25 नक्सलियों ने आज पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।



2 करोड़ 54 लाख का घोषित था इनाम

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में आठ नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया। इन नक्सलियों पर 33 लाख रुपये के इनाम घोषित थे। इन आठ नक्सलियों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। दंतेवाड़ा एसपी रॉबिंसन गुरिया ने मामले की पुष्टि की है। नक्सलियों के प्लाटून 16 के कमांडर कमलेश और डॉक्टर टीम के सदस्य सुखलाल ने भी आत्मसमर्पण किया। दोनों अबूझमाड़ क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय थे। कई बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया था। सरेंडर करने वालों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दंतेवाड़ा जिले में गुरुवार की सुबह 16 नक्सलियों ने लाल आतंक का साथ छोड़ते हुए मुख्यधारा में शामिल हुए। इन समर्पण करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेडः 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड का मामला

नई दिल्ली। कारोबारी अनिल अंबानी के घर और ऑफिस पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा है। यह छापा गुरुवार को पड़ा। ईडी की टीम ने उनकी कंपनियों पर रेड की है। यह कार्रवाई PMLA यानी मनी लॉन्ड्रिंग रोकने वाले कानून के तहत की गई है। खबर है कि ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के खिलाफ यह कार्रवाई की है। इस जांच में करीब 35 जगहों और 50 कंपनियों की जांच हो रही है। साथ ही 25 से ज्यादा लोग भी ईडी की नजर में हैं। इस खबर के बाद Reliance Power, Reliance Infrastructure के शेयरों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। ईडी की छापेमारी के बाद रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बयान जारी किया है।



यस बैंक से लिए पैसों का गलत इस्तेमाल का आरोप

ईटी नाउ ने टाइम्स नाउ का हवाला देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईडी की टीम ने मुंबई और दिल्ली में 35 से ज्यादा जगहों पर छापा मारा है। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं, जिन पर मनी लॉन्ड्रिंग यानी कालेधन को सफेद करने के आरोप हैं। यह जांच धन शोधन रोकने वाले कानून के तहत हो रही है। ये केस पहले सीबीआई ने दर्ज किए थे। जांच कर रही एजेंसी को शक है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने लगभग 3,000 करोड़ रुपये के कर्ज दिए थे, जिनका गलत इस्तेमाल हुआ हो सकता है। ईडी को शक है कि कर्ज देने से पहले, यस बैंक के प्रमोटरों से जुड़ी कंपनियों को कथित तौर पर रिश्वत या पैसे ट्रांसफर किए गए थे। अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) और यस बैंक से जुड़े 3,000 करोड़ रुपये के कर्ज धोखाधड़ी की जांच में ईडी ने छापेमारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री निवास में हरेली तिहारः सीएम बोले- बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है

रायपुर। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री निवास में आज हरेली पर्व का गरिमामय आयोजन हुआ। त्यौहार मनाने के लिए पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है।



हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है। आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है। मुख्यमंत्री निवास में भी यह पर्व पूरे उल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है। लेकिन सभी जगह इसका रंग एक ही है, आस्था और उत्साह एक ही है। जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए। हरेली केवल खेती-किसानी का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह अपनी धरती की हरियाली और प्रकृति पूजा का भी त्यौहार है। छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा हम सब पर बरसाती रहे और सभी किसान भाई खुशहाल रहें। यही मंगल कामना है

हरेली त्योहार पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और किसान जीवन का उत्सव है। इस पावन अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह त्योहार प्रकृति, कृषि और पशुधन से जुड़े हमारे जीवन मूल्यों की गूंज है। उन्होंने कहा कि ऐसा विश्वास है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 49 यात्रियों को लेकर जा रहा रूसी विमान क्रैश हुआ, किसी के बचने की संभावना नहीं

नई दिल्ली। रूसी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रूस-चीन सीमा पर लापता हुआ रूसी विमान क्रैश हो गया है और उसमें सवार सभी 49 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, विमान में क्रैश होकर आग लग गई। हादसे में किसी के बचने की संभावना नहीं है। घटनास्थल पर रूस के सिविल डिफेंस और अग्निशमन दल की टीमें मौजूद हैं। कुछ देर पहले रूस के एक स्थानीय अधिकारी ने विमान के लापता होने की जानकारी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि रूसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल का विमान से संपर्क पूर्वी अमूर क्षेत्र में टूटा। यह इलाका रूस और चीन की सीमा पर स्थित है। लापता विमान साइबेरिया स्थित अंगारा एयरलाइंस का एंटोनोव-24 विमान था। रूसी एजेंसी TASS के अनुसार, अंगारा एयरलाइंस का विमान



बलागोवेशचेंस्क से चीन सीमा पर मौजूद अमूर क्षेत्र के टाइंडा एयरपोर्ट जा रहा था। विमान में 43 यात्री, जिनमें पांच बच्चे शामिल थे और साथ ही क्रू के छह सदस्य सवार थे। स्थानीय गवर्नर वेसिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में बताया था कि विमान की तलाश की जा रही है। जिस वक्त विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटा, उस वक्त विमान अपने गंतव्य स्थल से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था। एक बयान में टाइंडा एयरपोर्ट के निदेशक ने बताया है कि विमान के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई। एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर के क्रू ने इलाके के हवाई सर्वे के बाद बताया कि हादसे में किसी के बचने की संभावना नहीं है।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष, हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

बैंकॉक। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस संघर्ष में अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है।




थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतको की संख्या बढ़कर कुल 11 हो गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प बोले- अमेरिकी कंपनिया भारतीयों की भर्ती रोकें : अमेरिकियों को पहले नौकरी दें

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका की गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियों को भारत में हायरिंग रोकने को कहा है।

ट्रम्प ने कल वॉशिंगटन डीसी में आयोजित एआई समिट में कहा अमेरिका की सबसे बड़ी टेक कंपनियां हमारी आजादी का लाभ उठाती हैं, लेकिन फैक्ट्रियां चीन में लगाती हैं और भारत से लोग भर्ती करती हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां अमेरिकी वर्कर्स को प्राथमिकता दें, यही देश हित में है। ट्रम्प ने टेक कंपनियों के ग्लोबलिस्ट माइंडसेट की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिकियों को सबसे पहले नौकरी मिलनी चाहिए। ट्रम्प के मुताबिक विदेशों में फैक्ट्री और कर्मचारियों पर पैसा लगाकर कंपनियां अमेरिकी टैलेंट के हक को मार रही हैं।



आजादी का फायदा उठाकर चीन में फैक्ट्रियां लगा रहीं

भारत का आईटी सेक्टर इस बयान से प्रभावित हो सकता है। भारत में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य टेक कंपनियों के लाखों कर्मचारी हैं। ये कंपनियां बेंगलुरु, हैदराबाद, और पुणे जैसे शहरों में बड़े ऑफिस चलाती हैं। इसके अलावा 2023 में यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज के मुताबिक, 72 प्रतिशत एच1बी वीजा भारतीयों को मिले, जो ज्यादातर डेटा साइंस,एआई और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में हैं। ट्रम्प की नीति से एच1बी वीजा नियम और सख्त हो सकते हैं, जिससे भारतीय टेक प्रोफेशनल्स को अमेरिका में नौकरी मिलना मुश्किल होगा। साथ ही, भारत में नई भर्तियां कम होने से आईटी कंपनियों और स्टार्टअप्स पर दबाव बढ़ेगा। इससे पहले मई में ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत के विलफुल डिफाल्टर्स का आंकड़ा संसद में पेश
## 1600 डिफाल्टरों ने बैंकों का 1.62 लाख करोड़ रु.पचा लिया

नई दिल्ली,(गु.स.)। भारत के बैंकों पर लोन का बोझ बढ़ते ही जा रहा है। जिसके चलते लोन लेने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। दिलचस्प किन्तु दुःखद यह भी कि वे ऋणी लोन वापस करने में सक्षम हैं, इसके बावजुद ऋण लौटा नहीं रहे हैं। संसद में सरकार के द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर की बैंकों में से करोड़ों रूपयों की लोन लेकर वापस भुगतान करने का इन्कार करने वाले विलफुल डिफाल्टर्स याने कि आर्थिक रूप से सक्षम ऋणी लोगों की संख्या 1600 से भी अधिक है। इन लोगों ने बैंकों का लगभग 1.62 लाख करोड़ रूपया अंदर कर दिया है।

राज्य स्तरीय केन्द्रीय वित्तमंत्री पंकज चौधरी ने संसद में जानकारी दी थी कि 31 मार्च 2025 तक पी एस यु बैंकों के1629 कारपोरेट डिफाल्टर्स की पहिचान कर ली गई है। जिन्होंने इरादेपूर्वक लोन वापस लौटया नहीं है। ये तमाम विलफुल डिफाल्टर्स पर कुल मिलाकर 1,62,961 करोड़ रूपयों का लोन है। जिसे चुकाने का वे इन्कार कर रहे हैं। बैंकों के द्वारा सी.आर.आई.एल. को जो रिपोर्ट सौंपी गई है, उसके आधार पर उक्त आंकड़ा सार्वजनिक किया गया है।

मंत्री पंकज चौधरी ने दावा किया था कि सरकार ऐसे विलफूल डिफाल्टरों के विरूद्ध अनेक कदम उठा रही है। जैसे कि, ऐसे लोगों को नया उद्योग शुरू करने के लिए अतिरिक्त लोन नहीं देना है। डिफाल्टर्स के साथ जुड़ी कम्पनियों को केपिटल मार्केट में प्रवेश नहीं करने देना है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के मास्टर डायरेक्शन के अनुसार बैंकों को हर माह विलफूल डिफाल्टर्स की सूची क्रेडिट इन्फार्मेशन कम्पनियों (सीआईसीएस) को सौंपना होता है।

करोड़ों की लोन लेकर फरार हो चुके लगभग नौ लोगों को भगेड़ घोषित किया गया है। जिनके पास बैंकों का 15,298 रूपयाँ लोन के रूप में पड़ा है। विलफुल डिफाल्टर्स ऐसे लोगों को कहा जाता है, जिन्होंने प्राप्त की गई लोन की राशि वापस करने के लिए सक्षम होने के बावजुद नहीं चुकाया हैं। अथवा तो बहाने बताकर लोन अदा नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में जो विलफुल डिफाल्टर्स के आंकड़े सार्वजनिक किए गए हैं, वह मार्च 2025 तक के हैं। उल्लेखनीय कि गत वर्ष मार्च 2024 तक के आंकड़े आर.बी.आई. के द्वारा घोषित किए गए थे, जिनके अनुसार, उस समय देश में विलफुल डिफाल्टर्स की संख्या 2664 थी । इन्होंने बैंकों का लगभग 1.96 लाख करोड़ दबा कर बैठे है। विलफूल इन डिफाल्टर्स ने मोटी लोन बैंको से लेकर बहुत व्यापार-उद्योग चमकाया अब उनके पास पैसा होने के बावजुद लोन की राशि वापस नहीं कर रहे हैं।

## तोमर ब्रदर्श की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

रायपुर। सूदखोर हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका सीबीआई की विशेष अदालत ने खारिज कर दी। अब पुलिस के पास उसकी गिरफ्तारी का रास्ता खुल गया है।

पुलिस ने इनके खिलाफ पांच-पांच हजार रुपये का इनाम भी रखा है। रोहित तोमर पिछले डेढ़ महीने से फरार है और रायपुर के तेलीबांधा एवं पुरानी बस्ती थाना सहित जिले के अन्य थानों में 14 मामले दर्ज हैं। अकेले तेलीबांधा और पुरानी बस्ती थानों में करीब सात मुकदमे चल रहे हैं, जिनमें मारपीट, धमकी, जमीन कब्जा और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

## वर्ष 2015 से 2025 तक में बैंकों के 12,08,828 करोड़ बटाव खाते
## केन्द्र ने गरीबों का 12 लाख करोड़ विशेष अमीरों को देकर छोड़ दिए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि केन्द्र सरकार ने अरबपतियों को 12 लाख करोड़ रूपयों की रेवड़ियां बांटी है। गरीबों के पास से लूटे अरबों रूपए लोन के रूप में अपने खास अमिरों को दिया और बाद में माफ कर दिया गया। केन्द्र सरकार के द्वारा राज्यसभा में बताया गया था वर्ष 2015 से 2025 तक में 12 लाख दिया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में विपक्ष ने यह आरोप लगाया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने केन्द्र सरकार पर प्रहार करते हुवे कहा था कि पिछले नौ सालों में सरकार ने अपने खास उद्योगपतियों को 12 लाख करोड़ रूपए माफ कर दिए। याने कि, सरकार के द्वारा अपने विशेष मित्रों को इतने रूपयों की मुफ्त रेवड़ी वितरित की गई है। इसी के साथ, उन्होंने कहा था कि भारत में आर्थिक असमानता शीर्ष स्थान पर है।

गरीबों के पास से लूटे गए धन को सरकार अमिरों को दे रही है। गत मंगलवार को राज्यसभा में सरकार ने सार्वजनिक किया था कि आर.बी.आई. के आंकड़े के अनुसार पब्लिक सेक्टर की बैंकों को वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 12,08,828/- करोड़ रूपए बटाव खाते में डाल दिया था। जिसके परिप्रेख्य में अब कांग्रेस ने सरकार पर प्रहार किया है।

# आयुक्त ने व्यवस्था में सुधार करने एवं सामंजस्य बनाकर कार्य करने के दिये निर्देश

### आयुक्त ने ली जल विभाग के अधिकारियों एवं वाल्वमेनों की बैठक



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज जल विभाग के अधिकारियों एवं वाल्वमेन की बैठक लेकर पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था में सुधार करने दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई महत्वपूर्ण विषय है इसमें लापरवाही नही होनी चाहिए, जल विभाग का पूरा अमला सामंजस्य बनाकर कार्य करें।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनो से पेयजल सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। गर्मी में एनिकट में पानी की कमी तथा कुछ वार्डो में अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नही आने संबंधी समस्या थी, लेकिन वर्तमान में वर्षा ऋतु में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद हम शहर में समुचित पेयजल सप्लाई नही कर पा रहे है। ऐसी परिस्थिति का आत्म अवलोकन करें हम सबकी लापरवाही से आज ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करना है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सामंजस्य बनाकर समस्या का समाधान करना है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने वालमेनों से कहा कि टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करें, किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़-छाड़ नही करेंगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाईन लिकेज, कम पानी आने, पानी नही आने आदि का अपने-अपने क्षेत्र में जॉच करेंगे और संबंधित अधिकारी को अवगत करायेगे। उन्होंने कहा कि कई वाल्वमेन की शिकायत प्राप्त होती है कि उनके द्वारा कम चुड़ी खोला जाता है, या बिना टंकी भरे पानी सप्लाई की जाती है। इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिये, वाल्व में निर्धारित चुडी से अधिक न खोले और न ही कम चुड़ी खोले। टंकी भरने के पश्चात ही वाल्व खोलना है, जिससे पूरे प्रेशर से सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो सकें।

आयुक्त ने कहा कि पानी सप्लाई के समय दूसरे टंकी के वालवमेन से सम्पर्क कर एक साथ ही वाल्व खोले जिससे पर्याप्त प्रेशर में पानी सप्लाई हो सके। उन्होंने कौन-कौन सी टंकिया पूरी नही भर पा रही है तथा क्या परेशानी आ रही है, वालमेनों से जानकारी लिए। ट्रांसपोर्ट नगर, नवागांव, लखोली दीनदयाल नगर की टंकी पूरी नही भरने की जानकारी देने पर जल विभाग के अधिकारियो से टंकीवार चर्चा किए। उन्होंने कहा कि टंकी भरने के समय सभी टंकी क्षेत्र के वालमेन आपस में पूरी भरने की जानकारी रखे, भरने के पश्चात ही सप्लाई करें। जिस क्षेत्र की टंकिया भरने के वाल्व आपस मे जुडे है, वहॉ आपसी सामंजस्य से कार्य कर सप्लाई करें। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सभी उप अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के टंकियों की जानकारी रखे और किसी भी प्रकार की समस्या पर उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। उन्होंने प्लांट में सुरक्षा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट संवेदनशील स्थल है, वहॉ बिना अनुमति के कोई भी अन्य व्यक्ति प्रवेश न करे, इसका ध्यान रखा जाए। इसके अलावा इंटकवेल की समय-समय पर सफाई करे, पंप, पेनल बोर्ड आदि दुरूस्त रखे, बरसात को देखते हुए बाढ से निपटने व्यापक व्यवस्था रखे। आयुक्त ने क्लोरिंग, एलम ब्लीचिंग आदि आवश्यक समाग्री के भण्डारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एलम भण्डारण में लापरवाही हुई है, जिसके कारण नगर निगम की छवि धुमिल हुई है, आगे ऐसी स्थिति निर्मित नही होनी चाहिए। सभी सामग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे, अमृत मिशन की एजेन्सी द्वारा प्लांट में किये जा रहे कार्यो की सत्त मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि नदी से पानी लेने, फिल्टर करने एवं टंकी भरने से लेकर घरों में पानी सप्लाई तक हमारी जवाबदारी है, इसमें सबको महती भूमिका निभानी है। जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू ने कहा कि टंकी समय पर नही भरने के कारण कम प्रेशर की शिकायत प्राप्त होती है, टंकी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करे। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर मुझे एवं उस क्षेत्र के पार्षद को जरूर अवगत करावे। वर्तमान में जो स्थिति निर्मित हुई थी, जिसकी जानकारी नही होने के कारण लोगों को बताना मुस्कील हो गया था। मोहारा के पार्षद एंव शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती ने कहा कि कुछ दिनों से जो परेशानी आई है, उसमें जो भी समस्या है उसका हम सबको मिलकर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट में लाईट बंद होने की समस्या भी आती है, कई बार लम्बे समय तक लाईट बंद हो जाता है, जिसके कारण पेयजल सप्लाई में बाधा उत्पन्न होती है, इसके लिए विद्युत मण्डल से चर्चा कर समाधान निकाले। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता अनूप पाण्डे, फिटर सोमनाथ, जल विभाग के लिपिक तुषार शुक्ला सहित वालवमेन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### शराब नीति के नाम पर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को लूटा-आशीष जैन



राजनांदगांव (दावा)। भाजयुमो के महामंत्री आशीष जैन ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि, कांग्रेस हमेशा से ही भ्रष्टाचारियों की पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के पास भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ पुख्ता सबूत है। चैतन्य ने शराब घोटाले में मिले हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के काले धन को रियल स्टेट में निवेश किया। श्री जैन ने कहा सफेद करने की कोशिश की भाजपा की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते शराब, कोल, महादेव सट्टा ऐप और पीएससी पर कड़ी कारवाई हो रही है।

### जन्मोत्सव समिति की बैठक 27 को

राजनांदगाँव (दावा)। भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया जायेगा। कोसरिया यादव समाज भवन नंदई में दिनांक 27 जुलाई 2025 को दोपहर 2 बजे दिन रविवार को कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की अगली बैठक आयोजित की जाएगी। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा (झांकी) की रूप रेखा की जानकारी बैठक में आए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दी जाएगी। इस बैठक में सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र वार्डो से निकाले जाने वाले झांकी की जानकारी ली जाएगी। साथ ही साथ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाते हेतु पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा, जिसमें जन्माष्टमी अध्यक्ष, शोभायात्रा प्रभारी, पूजा प्रभारी, झांकी प्रभारी, मंच संचालक, व्यवस्था प्रभारी इत्यादि पदों का आयोजन का सफल बनाने हेतु चयन किया जाएगा। साथ ही इस बैठक में नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगाँव पदाधिकारीगण, सरंक्षणगण, वरिष्ठगण, महिलामंडल, युवामंडल, वार्ड अध्यक्ष सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित होंगे।

### सावन वर्मा ने 'एक पेड़ माँ के नाम' बजरंगपुर नवागाँव में रोपे पौधे



राजनांदगाँव (दावा)। बजरंगपुर-नवागाँव में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सावन वर्मा पार्षद वार्ड क्रमांक 2, समाजसेवी राहुल चौबे, पवन भारद्वाज, प्रभु राम देवांगन, खेमलाल साहू, राधेश्याम यादव, योगेश साहू, लेखचंद, मोरजध्वज देवागन, लोकेश साहू, नीरज साहू, आनंद यादव, मिथलेश यादव, भावेश यादव आदि शामिल हुए। ओंकारेश्वर शिव मंदिर तालाब के पास पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण हरियाली की सामूहिक जिम्मेदारी को महसूस करते हुए अभियान को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान किया। पार्षद वर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है और उनकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों कि निरन्तर देखभाल का संकल्प लेने की अपील की।

## हरेली तिहार के बगरे बहार, कृषि संस्कृति हवय आधार- मधुसूदन यादव

### छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन कर कवि/साहित्यकारों ने मनाया हरेली पर्व



राजनांदगांव (दावा)। कृषि संस्कृति का प्रथम लोक पर्व हरेली कवि/ साहित्यकारों द्वारा नगर निगम स्थित छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा का पूजन कर मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना, हूम-धूप देकर तथा गुलाल लगाकर की और श्रीफल अर्पण सहित छत्तीसगढ़ महतारी को नीम पत्तियों का हार पहना सबकी खुशहाली की कामना की।

इस दौरान छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा 'अमात्य', उपाध्यक्ष गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' व सचिव मानसिंह 'मौलिक' ने महापौर का स्वागत नीम पत्तियों के हार से किया। महापौर श्री यादव ने हरेली पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति का यह पर्व धरती में हरीतिमा बिखेरकर लोगों के मन को हरियर-फरियर कर देता है जिससे हमारे किसान खुश होकर अच्छी फसल की कामना से कृषि औजारों की पूजा करते है और हर्षोल्लास के साथ हरेली का त्योहार मनाते है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में काव्यात्मक ढंग से हरेली तिहार के बगरे बहार, कृषि संस्कृति के हवे आधार कहा।

सभापति पारस वर्मा ने प्राकृतिक हरीतिमा से आच्छादित धरती को हरेली पर नई दुल्हनिया की तरह सजे-संवरे होने की बात कही वहीं नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने हरेली त्योहार में 'हरियर-फरियर हो सबके मन, किसानों के कोठी-डोली में भरे रहे अन-धन, की कामना करते हुए पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**हरियाली के रंग में रंगी पढ़ी गई काव्य रचनाएं** - हरेली पर्व के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ साहित्य समिति द्वारा निगम कार्यालय में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हास्य-व्यंग्य के कवि पद्म लोचन शर्मा 'मुंहफट' ने सावन के दिन आगे ले संगी झिमिर - झिमिर पानी बरसे का गान कर माहौल को रसमय बनाया। वहीं गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' ने नेताओं की बदकारी को पौराणिक प्रसंगों के साथ उद्धृत किया। कवि/ कथाकार मानसिंह 'मौलिक' ने बारिश में तन-मन को भिगोने वाली हरियाली के रंग में रंगी कविता का पाठ किया। वहीं ग्राम्य कवि पवन यादव 'पहुना' ने छत्तीसगढ़ी भाषा की विशेषता वाली कविता का पाठ कर स्वर्गीय डॉ सुरेंद्र दुबे की अधूरी आस छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में दर्ज कराना हम सब का कर्तव्य बताया। कवि रोशन साहू 'मोखला' ने घर-घर के मुहाटी में लीम डारा खोंचागे/आगे-आगे हरेली तिहार आगे, कविता का पाठ कर माहौल को जहां हरियाली का रंग दिया। वहीं छ.ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने 'तुंहर गांव के मौसम बड़ा पियारा हे/बड़ सुघ्घर प्रेम-भाईचारा हे', का गान कर ग्राम्य जीवन की विशेषताओं को उकेरा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे। कवि ओमप्रकाश साहू अंकुर ने किसानों द्वारा हरेली तिहार में कृषि औजारों का पूजन व विभिन्न स्पर्धात्मक खेल खेलें जाने का उल्लेख अपनी कविताओं में किया। ग्राम्य कवि आनंद राम सार्वा ने सावन मनाथन हरेली, भादों में तीजा तिहार/ कातिक में दशहरा-देवारी, फागुन में बसंत बहार का गान कर उपस्थितों से वाहवाही पाई।

काव्य गोष्ठी का प्रारंभ जस गायक डोहरु राम द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन साहित्य समिति के सचिव मानसिंह 'मौलिक' द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा पार्षद आलोक श्रोती, सुनील साहू, निगम के इई यू के रामटेके, देवेन्द्र सोनी, प्रवीण, महावीर साहू आदि सहित निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

## जीवनदीप समिति गठन में भी भाजपा सरकार फेल- रूपेश दुबे



### स्वास्थ्य व्यवस्था में बदहाली का आलम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की लचर व्यवस्था का ग्रहण स्वास्थ्य सुविधा पर भी पड़ा हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिला में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों, सेवाभावी व्यक्तित्वों की सहभागिता वाली जीवनदीप समिति का गठन भी भाजपा की सरकार नहीं कर पाई है। जीवनदीप समिति की गठन नहीं होने से अस्पतालों की व्यवस्था एवं संचालन में बदहाली का आलम है। आम जनता को समुचित स्वास्थ्य सुविधा भी नहीं मिल पा रही हैं प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद जिस प्रकार से निम्न स्तरीय एवं अमानक दवाई,ऑपरेशन सामग्रियां सप्लाई का खुलासा हो रहा है जिससे मरीजों की जान पर बात आ गई है दवा कारोबारी सीधे तौर पर सरकार पर कमीशन के लिए ब्रांडेड कंपनी से दवाई क्रय ना कर लोकल कंपनी से क्रय करने का आरोप लगाते हैं वह अति चिंतनीय विषय है। अब तक निम्न स्तर के सामग्रियां सप्लाई करने वालों पर कोई कार्यवाही छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार करने में असक्षम है जो बदहाली को व्यापक बना दी है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की बदहाली बद से बदतर है यहां सीटी स्कैन मशीन और एमआर आई के अभाव के चलते आम जनता को निजी सेंटरों पर जांच करने को बेबस कर दिया गया है और ऐसे गंभीर मुद्दे पर भी सत्ताधारी नेतृत्वकर्ता मौन साधे बैठे हैं।

## सिल्वर स्क्रीन टाकीज में घुस्सम-घुस्सी, थाने में रिपोर्ट दर्ज



राजनांदगांव (दावा)। शहर के सिल्वर स्क्रीन टाकिज में फिल्म शो के दौरान टिकट जांच को लेकर फिल्म देखने गए युवक और टाकिज के व्यवस्थापक के बीच घुस्सम-घुस्सी हो गई। मारपीट का यह मामला थाने तक पहुंच गया है।

बताया जाता है कि ब्राह्मण पारा वार्ड नं 38 निवासी युवक सिवर स्क्रीन टाकिज में व्यवस्थापक के रुप में कार्यरत हैं। बुधवार को वह दोपहर 3 बजे का शो शुरू होने से पहले टिकट जांच कर दर्शकों को अंदर भेजने के कार्य में जुटा हुआ था। दोपहर 3:30 बजे सय्यारा फिल्म का शो चल रहा था, उसी दौरान गौरीनगर निवासी नमन सोनी नामक युवक ने टिकट चेकिंग को लेकर व्यवस्थापक से बहस शुरू कर दी। घटना के कुछ घंटे बाद जब शाम को 6:15 बजे शो समाप्त हुआ और दर्शक बाहर निकले, उसी दौरान नमन सोनी ने पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब टाकिज के कर्मचारियों ने नमन से ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने हाथ-मुक्के से मारपीट कर दिया। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान आरोपी द्वारा लगातार गालियां दी जा रही थी। पीड़ित ने इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाने में लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की है।

## आज दिल्ली में अभा कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग का महासम्मेलन

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष अनिता जयहिंद के नेतृत्व में तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 25 जुलाई को राष्ट्रिय स्तर का महासम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं सांसद राहुल गाँधी भी निमंत्रित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग भी अपील करता है कि छ.ग. से भी पिछड़ा वर्ग के अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन में भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने विचार भी सम्मेलन तक पहुंचाये।

**सांसे हो रही है कम**
**आओ पेड़ लगाये हम,**
**वृक्ष लगाओ**
**हरियाली लाओं।**

## यादव समाज जन्माष्टमी पर निकालेगा भव्य शोभायात्रा

### बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे



राजनांदगांव (दावा)। यादव समाज राजनांदगाँव द्वारा यदुवंशियों के ईष्ट देव भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया। आयोजन के प्रथम दिवस 15 अगस्त को समाज के युवक-युवतियों एवं महिलाओं द्वारा बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें देशभक्ति के साथ धर्म का संदेश दिया जायेगा। रैली दोपहर 3 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस स्टेट हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी। द्वितीय दिवस 16 अगस्त को सुबह 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने स्थित साहड़ा देव मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 2:00 बजे से स्टेट हाई स्कूल मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पालकी, भजन मंडली, बाजे - गाजे और राउत नृत्य आदि के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झंकियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न वार्डो में बैठक लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। आयोजन के तृतीय दिवस रविवार 17 अगस्त को गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में यादव समाज झेरिया, कोसरिया, ठेठवार सभी इकाई के युवक-युवती, महिलाएँ, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल होंगे। महापौर मधुसूदन यादव के निवास में आयोजित उक्त बैठक में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, राधे यादव, विनोद यादव (बंटी), गरीबाराम यादव, कार्तिक यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, हरीश यादव, उपेंद्र यादव, शीलू यादव, पूनाराम यादव, अमन यादव, राजेश यादव, रितेश यादव, प्रेमशंकर यादव, नीतेश यादव, चेतन यादव, मुरली यादव, आदि उपस्थित थे।





Saiyaara - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 06:15, 09:00 and 09:30 pm
The Fantastic Four - 12:30 & 06:30 pm
Hari Har Veera Mallu - 09:15 pm
Jittu Ke Dulhaniya (C.G) - 03:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 25 से रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी भाषा में
जितु के दुल्हानिया
जीतु दुलरवा, शालिनी विश्वकर्मा, पुष्पेन्द्र सिंग




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


## अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वाले 3 लोग चढ़े पुलिस के हत्थे



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन एवं बिक्री करने वाले 3 आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम के समक्ष पेश किया गया है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में जिले मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामाजिक तत्वों गुण्डा बदमाश, अवैध शराब बिक्री-परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान कार्यवाही के तारतम्य मे बुधवार 23 जुलाई की संध्या एवं गुरुवार 24 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री की सूचना पर क्रमशः 23 जुलाई की संध्या करीब 7:00 बजे ग्राम गठुला रोड छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास एवं दिनांक 24 जुलाई को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे व अभियुक्त सत्तू सिन्हा के खजानी दुकान पर रेड कार्यवाही कर तीन अलग-अलग अभियुक्तो से तीन आबकारी अधिनियम के प्रकरणों में कुल जुमला 10980 रू देसी मसाला शराब एवं अंग्रेजी शराब कुल कीमती 6520 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक-सीजी 08 जे 0363 को जप्त कर विधिवत आबकारी अधिनियम की कार्यवाही की गई। साथ ही अभियुक्त दामोदर पिता रतनलाल कोसरे 30 वर्ष निवासी भटगांव थाना घुमका, सरजु विश्वकर्मा पिता जनकलाल 42 वर्ष निवासी शीतला मंदिर रोड चिखली के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## गुम नाबालिग बालिका को पुलिस ने खोज निकाला, परिजनों के किया सुपुर्द

### इंस्टाग्राम व मोबाईल टावर लोकेशन के माध्यम से बालिका को रायपुर से किया दस्तयाब

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की गुम नाबालिग बालिका को रायपुर से खोज निकाला है और उसे उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि प्रार्थी द्वारा गत 9 जून को थाना लालबाग आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि, उसकी नाबालिक पुत्री गत 04 जून को दोपहर करीबन 12:00 बजे से घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चली गई है। जिसका आसपास मोहल्ले रिस्तेदारों में पतासाजी किया पता नहीं चलने से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आए हैं। इस पर लालबाग थाने में गुम इंसान पर से अपराध क्रमांक 268/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर उनके नेतृत्व में आपरेशन मुस्कान के तहत टीम गठित कर नाबालिग बालिका का लगातार पता तलाश शुरू किया गया। इस दौरान नाबालिक बालिका के इंस्टाग्राम से मोबाईल नंबर पता कर टावर लोकेशन को ट्रेक करते हुए रायपुर पहुंचकर नाबालिक बालिका को रायपुर से दिनांक 23 जुलाई को बरामद किया गया एवं नाबालिक बालिका का दस्तायाब हुआ, जिसे उसके परिजनो को सुपुर्द कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित म.प्र.आर. खुशबु नागवंशी, आरक्षक लेखराज वर्मा की भूमिका सराहनीय रही है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-6-8
377-7 669-1
राजधानी
2-7-9
369-8 247-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# शहर से लेकर गांव तक बिखरी रही हरेली पर्व की छटा, गूंजी गेड़ियों की आवाज

### किसानों ने पर्व पर कृषि उपकरण हल, बक्खर, रापा कुदाल की पूजा

### शनि जयंती पर्व की भी रही धूम, पूजे गए न्याय के देवता



राजनांदगांव (दावा)। कृषि संस्कृति को जीने वाला राज्य छत्तीसगढ़ में श्रावण मास की अमावस्या को हरेली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे इस पर्व की छटा शहर से लेकर गांव-देहातों तक बिखरी रही। कृषक बंधुओं ने जहां हरेली के दिन कृषि उपकरणों की पूजा की वहीं पर्व की खुशियों में छोटे-छोटे बच्चों व युवाओं ने गेड़ी चढ़ने का मजा लिया। बच्चे गेंड़ी में चढ़कर रुंच-रुंच की आवाज गांव व शहर की गलियों में गुंजाते रहे। युवाओं ने हरेली पर नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजन कर पर्व का आनंद उठाया वहीं लड़कियों ने भी फुगड़ी, खो-खो आदि खेल खेलकर हरेली पर्व के मजे लिए। त्योहार के दिन घरों में स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए गए और भगवान में चढ़ाकर इसका घर-परिवार वालों द्वारा स्वाद ग्रहण किया गया।

बता दें कि श्रावण मास की अमावस्या को न्याय के देवता शनि जयंती का पर्व भी मनाया जाता है। शहर के कामठी लाइन स्थित शनि मंदिर सहित स्टेशन पारा व इंदिरा सरोवर तट स्थित नवग्रह मंदिर में भक्तों ने शनि जयंती का पर्व विभिन्न अनुष्ठानों के बीच मनाया। सुबह मंदिरों में शनि भगवान का अभिषेक किया गया तत्पश्चात यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। वहीं रानी सागर तट स्थित शनि धाम में तैलाभिषेक सहित अन्य आयोजन संपन्न किए गए। इस दौरान इन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता रहा वहीं मंदिर सामने बैठे याचकों में दान-पूण्य का माहौल भी बना रहा। शनि जयंती पर महाप्रसादी वितरण व भोज-भंडारे का आयोजन किया गया।

### हरेली पर्व में कृषि औजारों की हुई पूजा

बताते चलें कि अमावस की तिथि को मनाए जाने वाले पर्व हरेली कृषि परंपरा का प्रथम पर्व है। इस दिन किसान भाई अपने जांगर तोड़ मेहनत में संग साथ देने वाले बैलों की पूजा करते हैं। गायों को पुष्टि के लिए अंडा के पान में औषधि युक्त लोंदी खिलाया जाता है वहीं कृषि उपकरण हल बक्खर रापा कुदाली हंसिया, टांगिया आदि की तिलक बंदन कर चिल्ला रोटी चढ़ा कर पूजा करते हैं। वहीं लोहार बंधु अपने घन हथौड़ा निभाई की व बढ़ई बंधु अपने रेंदा पटासी, बसुला हथौड़ी आदि की पूजा करते हैं। वस्तुतः यह प्रकारांतर से भगवान शनि देवता की पूजा है। हरेली के दिन इन पूजे जाने वाले सभी औजारों में लोहा लगा होता है जिसमें शनि देवता का वास होता है। लोग इन उपकरणों के रूप में शनि देव से उनकी जयंती के दिन अपने फसलों की रक्षा तथा अपने घर-परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।

### गौ-वंश के संवर्धन के लिए उपाय

कृषि प्रधान देश भारत मे कृषि के साथ गौ-वंश की भी उपयोगिता बनी हुई है। नागर जोतने से लेकर बैल गाड़ी में बैल का उपयोग किया जाता है। सनातन धर्म में बैल साक्षात धर्म का अवतार माना गया है। इनके चार पैरों में चारों युग टिके होने की बात कही जाती है।यही वजह है कि हरेली के दिन बैलों को सुबह से ही नहला-धुलाकर उसकी पूजा की जाती है। बैल आदि सहित गऊ माता को वर्षा जनित रोगों से बचाने के लिए औषधि युक्त लोंदी खिलाई जाती है।वर्षा काल में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है इसके शमन के लिए राउत बंधु सुबह से ही लोगों के घरों में जाकर उनके द्वारे में संक्रमण नाशक नीम की टहनियां खोसते है। इसी तरह लोहार बंधु लोगों को बूरी नजर से बचाने उनके घरों की देहरी पर अभिमंत्रित कील ठोकते हैं और बदले में अपने मालिक ठाकुर से सेर-सीधा, दान-दक्षिणा पाते हैं। ग्रामीण संस्कृति में यह लोक पर्वीय उल्लास लोगों के मन और हृदय में गहराई तक धंसा हुआ है। यही वजह है कि इस तरह के लोक पर्व की उपादेयता आज भी बनी हुई है। कृषकों के मेहनत कश जीवन में एक दिनिया अवकाश लेकर आने वाला यह पर्व श्रमशील जीवन में उल्लास भर जाता है।

# शक्तिधाम में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया हरेली तिहार



राजनांदगांव (दावा)। सावन माह की अमावस्या पर छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली तिहार शहर के बाबूटोला वार्ड क्रमांक 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में परंपरागत उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शक्तिधाम परिवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में पूरे दिन विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा-अर्चना कर त्योहार की परंपरा का निर्वहन किया गया। ग्रामीणों ने हल, कुदाल, फावड़ा जैसे यंत्रों को स्वच्छ कर देवी महाकाली के समक्ष अर्पित कर समृद्धि और फसल की खुशहाली की कामना की। हरेली तिहार के अवसर पर शक्तिधाम परिसर छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं से जीवंत हो उठा। गुरुदेव हरीश यादव ने इस अवसर पर कहा कि हरेली तिहार हमारी कृषि परंपरा, प्रकृति प्रेम और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन परंपरागत लोक पर्वों को संरक्षित करें और अगली पीढ़ियों को इनसे जोड़ने का कार्य करें। इस हरेली पर्व आयोजन में शक्तिधाम परिवार के सदस्यों के साथ-साथ वार्डवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने आस्था, आनंद और आत्मीयता के साथ त्योंहार को मनाया और अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। हरेली पर्व ने एक बार फिर यह साबित किया कि आधुनिकता के इस दौर में भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जड़ें गहरी और मजबूत हैं, जो हमें हमारी परंपरा और प्रकृति से जोड़ती हैं।

# आत्मा की शक्ति को जाने और आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ जाएं- मुनि वीरभद्र जी



चातुर्मासिक प्रवचन

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि आत्मा अनंत शक्तिशाली है। हमने आत्मा की शक्ति को जाना ही नहीं है, उसकी ताकत को नहीं समझा है। यदि समझ गए तो आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ने से हमें कोई नहीं रोक सकता। जैन बगीचे के नए हाल में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में मुनि श्री ने कहा कि आज भी ऐसे संत विद्यमान है जो उच्च साधना वाले हैं। उन्होंने कहा कि जब इच्छा समाप्त हो जाए तो साधना के मार्ग में आगे बढ़ जाए, ऐसे जीव को फिर शरीर का मोह नहीं होता। भौतिक सुविधाएं उसे तुच्छ लगने लगती है और वह सिर्फ आत्मा को जागृत करने के लिए प्रयासरत रहता है। आत्मा को जगाने के लिए वह तपस्या में लीन रहता है। मुनि वीरभद्र (विराग)ने कहा कि तप की ताकत और आत्मा की अनंत शक्ति को हमने समझा ही नहीं है, जाना ही नहीं है। इस सूक्ष्म शक्ति को जाने बिना हम आत्म कल्याण के मार्ग में अग्रसर नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि भक्ति का कोई मूल्य नहीं होता। इसी तरह आराधना का भी कोई मूल्य नहीं होता।

आज की दुनिया में हमने चकाचौंध को ही भक्ति मान ली है। जबकि भक्ति इससे काफी अलग शांत व गूढ़ है। उन्होंने कहा कि हमें आत्मा की शक्ति को जानने के लिए आराधना की जरूरत होगी और हम इसके रहस्य को जान पाएंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास की धर्मपत्नी अलका व्यास को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि





राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास की धर्मपत्नी, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला की संगीत शिक्षिका एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कृष्ण भक्त गायिका रही श्रीमती अलका व्यास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 11 जुलाई को उनके आकस्मिक निधन के पश्चात पुष्पांजलि सदन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, भजन प्रेमी और परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती व्यास द्वारा लिखे और गाए गए भजनों की प्रस्तुति दी गई। उपस्थितजनों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला के प्राचार्य चैतराम वर्मा ने कहा कि श्रीमती अलका व्यास ने बतौर संगीत शिक्षिका, विद्यालय को राज्य ही नहीं, देशभर में पहचान दिलाई। उनके सिखाए हुए छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अलका व्यास के गाए भजन देश-विदेश में चाव से सुने जाते थे। उनका सरल और आत्मीय व्यवहार सभी को प्रिय था।

वरिष्ठ पत्रकार राजीव वोरा ने कहा, श्रीमती व्यास ने अपने कार्यकाल में न केवल विद्यालय को श्रेष्ठता की दिशा दी, बल्कि संगीत के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को तराशा। वे चंपारण में वल्लभाचार्यजी की भक्ति में रमी रहती थीं और वहां उनके भजनों को सुनने श्रद्धालु प्रतीक्षा करते थे। वे हमारे परिवार की स्तंभ थी।

इस अवसर पर पूर्व महिला बाल कल्याण अध्यक्ष शताब्दी पांडे और भजन सम्राट गोपाल भाई ने भी उनकी स्मृति में उनके ही गाए हुए भजनों की प्रस्तुति दी। सभा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने उन्हें संगीत व आध्यात्मिकता की सशक्त साधिका बताया।

इस अवसर पर इनके सुपुत्र अंकित पूजा व्यास, सुपुत्री राधिका शिवांश शर्मा के अलावा समाजसेवक अरविंद वोरा, अमृत संदेश के संपादक गिरीश वोरा, विजय व्यास, अरूण व्यास, घनश्याम आचार्य, श्रीमती लक्ष्मी वोरा, श्रीमती मंजू वोरा, श्रीमती सुषमा वोरा, श्रीमती दिपाली वोरा, श्रीमती पुष्पा पुरोहित, मंजू आचार्य, गायत्री देवी, चित्रा व्यास, गीतांजलि व्यास, मुकेश वंदना व्यास, आयुष व्यास, गोपाल शर्मा, पंकज माहेश्वरी, वर्षा व्यास, रूपाली व्यास, अभिषेक व्यास सहित बड़ी संख्या में परिजन, गायत्री स्कूल के संचालक बृजकिशोर सुरजन, सबेरा संकेत के संपादक सुशील कोठारी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, जितेन्द्र मिश्रा, सूरज बुद्धदेव, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सुरेश डुलानी, बहादुर अली, अंजुम अल्वी, एनपीएस के डायरेक्टर सुरेश जेठवा, डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, डॉ. मुरली डुलानी, डॉ. अरूण डुलानी, डॉ. संजय बख्शी, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुलबीर छाबड़ा, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, पूर्व महापौरद्वय हेमा देशमुख, अजीत जैन, कृषि अधिकारी चंद्रशेखर पुरामे, सुशील छाबड़ा, नीरज स्कूल की प्राचार्य भारती गौते, विपीन गौते, वरिष्ठ ज्योतिषी मुरलीधर हरिहारनो, महारानी स्कूल के प्राचार्य चैतराम वर्मा, युगांतर स्कूल के प्राचार्य मधुसूदन नायर, प्रोफेसर कृष्ण कुमार द्विवेदी, प्रो. विजय खांडेकर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

साथ ही शिक्षा, मीडिया, प्रशासन, संगीत व भजन प्रेमी समाज के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर अलका व्यास के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की व्यापक उपस्थिति इस बात की गवाही थी कि श्रीमती अलका व्यास सिर्फ एक शिक्षिका या गायिका नहीं थीं, बल्कि वे भावनात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से जन-जन के हृदय में स्थान रखने वाली एक महान विभूति थीं।

# मिट्टी का शिवलिंग बनाकर दूध, जल, दही, शहद से किया अभिषेक

## सावन शिवरात्रि पर घर-घर हुई पार्थिव शिवलिंग की पूजा



राजनांदगांव (दावा)। सावन शिवरात्रि पर अंचल में घर-घर पार्थिव शिवलिंग की पूजा हुई। भक्तों ने मिट्टी का शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजा की। मान्यता है कि इस दिन पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

शिवभक्त व पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा उनकी धर्मपत्नि श्रीमती खुमेश्वरी सिन्हा, विवेक सिन्हा, सृष्टि सिन्हा आदि ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा वे हर साल सावन शिवरात्रि पर करते हैं। सुबह से व्रत का संकल्प लेकर मंदिर में शिवलिंग व भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद निर्जला व्रत रखकर शिव महिमा, शिवकथा, शिव चालीसा का पाठ किया। शाम को मिट्टी से शिवलिंग बनाकर एक घंटे तक दूध, जल, दही, शहद, छांछ आदि से अभिषेक किया। बेलपत्र, फूल, दूध, मिठाई, मौसमी फल अर्पित कर आरती की। शिवलिंग पूजा से पहले सभी देवी देवताओं का आव्हान हुआ। पूजा के बाद विसर्जन हुआ। तत्पश्चात सपरिवार ने आहार ग्रहण किया।

सावन माह की शिवरात्रि में पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक व पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन मिट्टी के शिवलिंग की पूजा होती है। पूजा के बाद विसर्जन आवश्यक है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से धनधान्य, आरोग्य, संतान की प्राप्ति होती है। शरीरिक, मानसिक क्लेश से मुक्ति मिलती है।

### पं. प्रदीप मिश्रा ने कराई ऑनलाइन पूजा

बुधवार को शाम 7 बजे से 8 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने टीवी, मोबाइल के माध्यम से भक्तों को पार्थिव शिवलिंग की पूजा करवाई, जिसमें भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों के अनुसार श्री मिश्रा ने 1 लोटा जल, गेंहू 21 दाने, 5 कमल गट्टे, चावल के 108 दाने, काली मिर्च के 21 दाने, काला तिल, धतूरा 1 नग, बेलपत्र 7 नग, शमी पत्र 7 नग, फूल एवं 7 गुलाब के पुष्प, दूध, दही. शहद, घी, शक्कर, इत्र, गंगाजल, चंदन, 3 गोल सुपारी, रोली, पीला चंदन, चावल, मौली, कपूर, देशी घी के दो दीपक, 2 जनेउ, लौंग इलायची, पान का पत्ता, हल्दी, अबीर, गुलाल, मेहंदी, फल 5 नग, मिठाई, धूपबत्ती आदि से ऑनलाइन पूजा करवाई। इसके लिए उन्होंने एक दिन पूर्व तैयारी करने कहा था। बुधवार को 7 बजे से पूजा करवाई जो एक घंटे तक चली।

# संस्कार सिटी कॉलेज में हरेली पर अनोखी पहल, पारंपरिक खेलों की जगह किया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में इस वर्ष छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली को खास अंदाज में मनाया गया। हर साल जहां पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेलों के साथ यह पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता था, वहीं इस बार महाविद्यालय प्रबंधन ने पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए हरेली को वृक्षारोपण के रूप में मनाया।

प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में परंपरागत आयोजनों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पृथ्वी को असंतुलित कर दिया है। पेड़ नहीं रहेंगे तो मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के स्थान पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति को समर्पित संदेश दिया गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन न करके उन सभी के प्रति नाराजगी जाहिर की गई है जो पेड़ों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी छात्राध्यापक शामिल हुए। इस दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्लोगनों के माध्यम से पेड़ कटाई से होने वाले दुष्परिणामों को उजागर किया। संस्थान की इस पहल को छात्रों और शिक्षकों ने सराहा। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया और उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली। कार्यक्रम में पर्यावरण बचाने के लिए समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। संस्कार सिटी कॉलेज की इस अनोखी पहल ने यह साबित किया कि परंपरा में बदलाव कर समाज और पर्यावरण के लिए सकारात्मक दिशा तय की जा सकती है।

# हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्तगणों को पांच-पांच वर्ष का कारावास की सजा

राजनांदगाँव (दावा)। न्यायालय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगाँव डी.आर. देवांगन द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्तगण शिवा मरकाम पिता फंदर मरकाम, आयु 23 वर्ष, निवासी डोंगरगाव, देवकरण तेलासी आ. देवानंद, भीमा मरकाम आ. फंदर मरकाम, निवासी डोंगरगाव, देवकुमार तेलासी आ. देवानंद आयु 28 वर्ष, निवासी डोंगरगाव, चेतन मरकाम आ. जम्फू लाल मरकाम एवं उगेश्वर मरकाम उर्फ उदेश्वर उर्फ छोटे मुंडु आ. जम्फू लाल मरकाम, निवासी ग्राम राजा खुज्जी सभी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 147 के तहत छह-छह माह का साधारण कारावास एवं तीन-तीन सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 15-15 दिन का साधारण कारावास अतिरिक्त, धारा 148 के तहत एक-एक वर्ष का साधारण कारावास एवं पांच-पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास, धारा 323 के तहत् दो-दो माह का साधारण कारावास एवं दो-दो सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में सात-सात दिवस का साधारण कारावास अतिरिक्त एवं धारा 307 सह पठित धारा 149 (तीन बार) के तहत् पांच-पांच वर्ष का साधारण कारावास एवं एक-एक हजार रूपये (तीन बार तीन हजार रूपये) का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में तीन-तीन माह का साधारण कारावास अतिरिक्त की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में छ.ग. शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद कुमार बाजपेयी ने बताया कि, 22 जुलाई 2025 को मटिया रोड डोंगरगांव निवासी प्रार्थिया भागबती मरकाम के पड़ोसी देवानंद के यहाँ सगाई का कार्यक्रम था, जिसमें चिल्हाटी एवं डोंगरगांव के उनके परिचित लोग आये हुये थे। रात्रि करीब 9 बजे उन लोग जोर-जोर से हल्ला कर रहे थे, जिसे सुनकर प्रार्थियां भागबती मरकाम तथा उसके बहन का लड़का मनोज उन्हें चिल्लाने से मना किये और बोले कि, आप लोग चिल्लाना बंद करिये एक तो छोटी लड़की की सगाई कर रहे हो, इतना कहने पर वहाँ मौजूद अभियुक्तगण तुम मना करने वाले कौन होते हो कहते हुए मनोज के साथ मारपीट करने लगे मनोज भागकर घर आया। घटना की जानकारी होने पर भागवती मरकाम का लड़का धमेन्द्र और उसकी बहन का लड़का सूरज, मनोज के साथ क्यों मारपीट किये हो, कहते हुए जैसे ही घर से निकला तो अभियुक्त भीमा, विकास, देवकरण, शिवा, देवकुमार, राज समी लोहे की कटार, टांगी तथा डंडा लेकर हत्या करने के मकसद से धर्मेन्द्र तथा मनोज व सूरज पर प्राणघातक हमला कर दिये, जिससे धमेन्द्र, मनोज को गंभीर चोंटे आयी बीच-बचाव करने पर अभियुक्तगण के द्वारा प्रार्थियां भागबती मरकाम के साथ भी मारपीट कर उन्हें चोंट पहुंचाया गया। घटना की शिकायत प्रार्थियां भागबती के द्वारा थाना डोंगरगांव में की गई थी। संपूर्ण जांच उपरान्त थाना डोंगरगांव द्वारा अभियुक्तगण शिवा मरकाम व अन्य के विरूद्ध अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा बीएसपी के डॉ. उदय कुमार को प्रख्यात व्यक्तित्व चिकित्सक पुरस्कार

### यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र का - डॉ. उदय कुमार



भिलाई (दावा)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर 13 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (आईटीपीआई) में एक सम्मान समारोह का आयोजन राज्य मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (भारत सरकार) डॉ. जितेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. उदय कुमार को प्रख्यात व्यक्तित्व चिकित्सक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण विभाग, विधायी कार्य और सिंचाई मंत्रालय (एनसीटी, दिल्ली) परवेश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा दिल्ली विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में डाक्टरों के असाधारण योगदान, निस्वार्थ सेवा और मानवता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। डॉ. उदय कुमार को यह सम्मान उनकी चिकित्सकीय सेवा, सामाजिक प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया, जो उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ के अंतर्गत संचालित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई में अपने सेवाकाल के दौरान दी है। इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर डॉ. उदय कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई की पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है। डॉ कुमार ने अपने सभी सहयोगियों, वरिष्ठ चिकित्सकों और मरीजों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस चिकिसकीय यात्रा में उनका सहयोग दिया। कार्यक्रम की आईएमए के विभिन्न पदाधिकारियों डॉ. दिलीप भानुशाली (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ.आर.वी. असोकन (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. अनिल कुमार जे. नायक (राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित), डॉ. सरबारी दत्ता (महासचिव) एवं डॉ. पियूष जैन (वित्त सचिव) की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर चिकित्सा जगत में डॉक्टरों के अतुलनीय योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। डॉक्टरों द्वारा मानव जीवन की रक्षा, महामारी और आपदा काल में निस्वार्थ सेवा, ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना, तथा चिकित्सा अनुसंधान में नवाचार जैसे बहुआयामी योगदानों के प्रति आदर और सम्मान व्यक्त करना इस कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा।

## अनमोल दावा

**शान्ति कोई स्थल वस्तु नहीं जिसे धन से प्राप्त किया जाये, यह तो आत्मा का अविनाशी गुण है, इसे महसूस कीजिये।**

# सांसद अपनी भी समीक्षा करें, संसद की कार्यवाही चलाने की बजाय रोकने की कवायद तेज होने लगी

सरकार के लिए विधेयक अहम हैं। कई बार तो यह सुविधाजनक भी होता है कि अवरोध में ही विधेयक पारित करा लिए जाएं लेकिन सवाल विपक्ष का है कि वह सरकार के मुफीद ऐसा माहौल बनाता ही क्यों है? इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन एक बड़ा कारण होता है हर दो-तीन महीने में होने वाले चुनाव। ऐसे में सबको वही मुद्दे चाहिए जो गर्मी पैदा कर सकें। संविधान, लोकतंत्र तो कुछ अरसे से राजनीति में चर्चा के केंद्र में है ही, लेकिन वक्त आ गया है कि अब विधायिका पर भी चर्चा हो और इसका ठोस आकलन हो कि संसद जन आकांक्षाओं को पूरा कर पा रही है या नहीं? यदि नहीं तो इसके लिए उत्तरदायी कौन हैं, कितना हैं और क्यों हैं? संसद सही तरह से तब काम करेगी, जब पक्ष-विपक्षी के दल यानी सांसद अपना काम ठीक से करेंगे।

संसद के सदस्यों को कैसे जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए, एक स्वतंत्र एजेंसी इसका पूरा अध्ययन कर जनता के सामने रख दे कि किसे जिम्मेदार माना जाए? संसदीय परंपरा, नियम-कानून की कसौटी पर यह अध्ययन हो और उसे सार्वजनिक किया जाए। यह इसलिए जरूरी हो गया है, क्योंकि साल दर साल संसद की कार्यवाही चलाने की बजाय रोकने की कवायद तेज होने लगी है। बहस की गुणवत्ता के बजाय शोर के जोर से सफलता आंकी जाने लगी है। जनता के असल मुद्दों के बजाय आमतौर पर सतही राजनीतिक और चुनावी मुद्दे हावी होने लगे हैं। याद कीजिए कि किसी संसदीय सत्र से पहले ऐसी खबर पढ़ी क्या कि सत्र बहुत फलदायक होने वाला है...। यह खबर हर बार पढ़ी होगी कि हंगामेदार रहेगी। आरोप-प्रत्यारोप इस पर चलता है कि संसद चलाने की जिम्मेदारी किसकी है? सरकार विधेयक लेकर आती है। विपक्ष के पास पूरा अधिकार होता है कि उन पर अपने विचार रखे, लेकिन विपक्ष का एजेंडा तय करता है कि सदन की कार्यवाही चल पाएगी या नहीं?

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में थोड़ी भी रुचि रखने और दलगत राजनीतिक हित से अधिक देश की चिंता करने वाले किसी जागरूक नागरिक से यदि पूछा जाए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत-पाक सैन्य टकराव रुकवाने का जो दावा किया गया, उस पर प्रधानमंत्री मोदी और सरकार का क्या कहना है? जवाब यही आएगा कि प्रधानमंत्री ने उस दावे को कड़ाई से तब खारिज कर दिया था, जब वह कनाडा गए थे और वहां से ट्रंप पर फोन से बात की थी। आपरेशन सिंदूर के बाद कई देशों में गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल में सब दलों के सांसदों ने वैश्विक मंच पर क्या कहा, सबको पता है। इन प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस के भी कई सांसद थे।

आखिर संसद में विपक्ष क्या जानना चाहता है? ट्रंप के बड़बोलेपन से दुनिया परेशान है। जिन देशों के साथ वह व्यापार समझौते की घोषणा कर रहे हैं, वे अचंभित हैं, लेकिन हमारे तमाम विपक्षी सांसद हैं कि उन्हें ट्रंप के बडबोले बयानों और बेतुके दावों पर चर्चा करनी है। आपरेशन सिंदूर में सेना की वीरता पर देश का सीना गर्व से चौड़ा है। संसद में बहस करना चाहें तो कर लें, लेकिन क्या सेना की रणनीति पर चर्चा करेंगे या सेना को यह बताने की कोशिश करेंगे कि सैन्य रणनीति कैसे बनाई जाती है? ऐसे मुद्दों पर संसदीय स्थायी समिति में खुलकर बात हो सकती है, लेकिन जोर सदन में चर्चा का है।

बिहार में चुनाव आयोग की और से चल रहा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। पहली सुनवाई में कोर्ट ने रोक लगाने से इन्कार कर दिया और संभवतः अगले सप्ताह फैसला आ सकता है। फिर चर्चा किस चीज पर? फिलहाल तो सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के अधिकार को माना है और केवल समय को लेकर और नागरिकता तय करने के संदर्भ में सवाल उठाया है। आखिर हर संसद सत्र में घड़ी की सुई को पीछे लाने की कोशिश क्यों होती है? सदन में जरूरी मुद्दों पर चर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन उस चर्चा का सार्थक होना भी जरूरी है, खासकर तब जब संसद साल में बमुश्किल 40-50 दिन ही सुचारू हो पाती है।

राजनीतिक दलों की ओर से मांग की जाती रही है कि साल में कम से कम सौ दिन सत्र चलना चाहिए, लेकिन अब इस मांग की ईमानदारी पर भरोसा नहीं होता। चाहें तो सदस्यों की उपस्थिति का रजिस्टर देख लें। क्या वक्त नहीं आ गया है कि सदस्यों की उपस्थिति को जरूरी किया जाए। कुछ देशों में ऐसे नियम हैं। अवरोध कम करने के लिए कुछ वर्षों से राज्यसभा में प्रश्नकाल से पहले शून्यकाल कर दिया गया है। इसका थोड़ा सकारात्मक असर दिखा है। लोकसभा में भी इस पर विचार होना चाहिए। इसके भी ठोस नियम बनने चाहिए कि सप्ताह में चार दिन केवल सूचीबद्ध विषयों पर ही कार्यवाही चलेगी। आखिरकार सप्ताह के लिए बनने वाले एजेंडे में तो सभी बड़े दल शामिल होते ही हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं, जो सख्त नियम-कायदे को लोकतंत्र के ही खिलाफ बताएंगे, लेकिन संसदीय अराजकता और मनमानी को भी तो लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता। बात किसी दल की नहीं, सरकार और विपक्ष के मानसिकता की है। संसद को सही तरह चलना ही होगा। कई विधानसभाएं ऐसी हैं, जो साल में 30 दिन भी नहीं चलती हैं, जबकि संविधान में अधिकतम छह महीने में सत्र बुलाने की बाध्यता है। कुछ समय पहले तक दिल्ली में तो विधानसभा को राजनीतिक मंच बना दिया गया था। यहां आम आदमी पार्टी की सरकार कवच ओढ़कर मोदी सरकार पर मनचाहे आरोप लगाती थी, क्योंकि विधाई सदन में की गई टिप्पणियों पर कोर्ट में केस नहीं किए जा सकते।

# छत्तीसगढ़ी लोक मंचों के 'दीपक' शिवकुमार


**विजय मिश्रा "अमित"**



दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ का दुर्ग जिला कलाओं का किला ही रहा है। जहां सर्वप्रथम दाऊ रामचंद्र देशमुख ने दुर्ग शहर के निकट स्थित ग्राम बघेरा में वर्ष 1971 में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लोकमंच 'चंदैनी गोंदा' सृजित किया। इसके अंतर्गत 'हरित क्रांति माई' की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करके शिवकुमार 'दीपक' अमिट छाप छोड़ गए।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए दाऊ महासिंग चंद्राकर ने दुर्ग के मिल पारा स्थिति समर्पण भवन में लोकमंच 'सोनहा बिहान' को सृजित किया। इस संस्था में भी शिव कुमार दीपक अपने हास-परिहास अभिनय से एकतरफा छाप छोड़ते थे। छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार कॉमेडी किंग के नाम से विख्यात दीपक छत्तीसगढ़ी फिल्मों के साथ ही हिंदी भोजपुरी मालवी और अफगानी फिल्मों में भी अभिनय का अनूठा रंग बिखेर कर प्रसिद्ध हुए।

1965 में मनु नायक कृत छत्तीसगढ़ी के पहली फिल्म कहि देबे संदेस' के बाद घर-द्वार और छत्तीसगढ़ गठनोपरांत निर्मित पहली फिल्म मोर छइंया भुइयां, सहित परदेशी के मया, मया देदे मया लेले, मयारू भौजी जैसे अनेक फिल्मों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया।





**आज पुण्य तिथि विशेष**

दाऊ देशमुख के लोकनाट्य कारी में सरपंच, सूत्रधार और दाऊ चंद्राकर की संस्था सोनहा बिहान में बतौर लोक नर्तक, हास्य अभिनेता, उद्घोषक तथा लोकनाट्य 'लोरिक चंदा' में राजा मेहर जैसे प्रमुख किरदारों का अभिनय मैंने किया। इन्हीं लोक मंचों में मुझे हास्य अभिनेता शिवकुमार का साथ मिला।

### जीवंत अभिनय के धनी

दीपक अभिनय करते समय बड़े ही सहज और जीवंत अभिनय किया करते थे। उनके साथ सोनहा बिहान मंच पर मैं 'महाराज के पेंदा ले तेल टपकत हे' प्रहसन करता था। इसमें वे महाराज और मैं उनका बुद्धू नौकर बनता था। उस प्रहसन में बुद्धु नौकर बार-बार गलती किया करता था। जिसे समझाने सुधारने हेतु महाराज मारते पीटते थे। जीवंत अभिनय के चक्कर में दीपक जी के मार से मेरे गाल-कान लाल लाल हो जाते थे।

### दिल्ली में खुला दीपक का राज

दिल्ली में लोरिक चंदा की शूटिंग(1982)के उपरांत दुर्ग वापसी हेतु रेल्वे स्टेशन पर मैंने उनके नाम के साथ दीपक जुड़ने का किस्सा का राज खुला। 1958 में दुर्गा कॉलेज रायपुर में अध्ययन के दौरान नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित अंतर्राज्यीय युवा उत्सव में शिवकुमार द्वारा प्रस्तुत एकल अभिनय 'जीवन पुष्प' को देखकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने उनके अभिनय को सराहा और 'दीपक' नाम दिया, जो कि आजीवन उनके नाम के साथ जुड़ा रहा। अधिकांश जनमन इस बात से अनजान है कि उपनाम 'दीपक' से ख्याति प्राप्त कलाकार का असल नाम शिव कुमार (साहू) साव था। बेहतरीन हास्य कलाकार, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी फिल्मों के दिग्गज अभिनेता शिव कुमार का जन्म 15 नवंबर 1933 को दुर्ग से सटे ग्राम पोटियाकला में हुआ था। 91 वर्ष की उम्र में 25 जुलाई 2024 को उन्होंने अपने कलाग्राम पोटियाकला में अंतिम सांसे लीं। जीवन के अंतिम पड़ाव में उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु दाऊ मंदराजी सम्मान से अलंकृत किया गया। कला जगत का दैदीप्यमान दीपक सदा आलोकित रहेगा।

हिंदी- लोक रंगकर्मी
अग्रोहा कॉलोनी रायपुर(छ.ग.)

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र : दो नावों पर सवारी करने के बदले आत्म तत्वरुपी नौका को चुनें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मनुष्य अपने जीवन में सुख-शांति चाहता है। उथल-पुथल के स्थान पर वह स्थिरता और सहज जिंदगी जीने का आकांक्षी होता है। अगर वह थोड़े में या जितना मिला, वही पर्याप्त, ऐसा सोचना शुरू कर दे तो अतिरिक्त और विलासिता के साधनों की प्राप्ति उसके लिए आवश्यक नहीं रहेगी। वह परमात्मा में चित्त लगाना प्रारंभ कर देगा। स्वयं के अस्तित्व और समाज में स्वयं की सार्थक भूमिका के बारे में विचार करने लगेगा। ऐसा होने के लिए आवश्यक है कि भोग विलास की सामग्रियों से उसका मन विमुख हो।

अगर परमात्म तत्व की प्राप्ति के आनंद की ओर बढ़ना है तो मोह-माया धीरे-धीरे छोड़नी होगी। इस तथ्य को समझना और स्वीकार करना होगा कि जिन चीजों को हम सुख और आनंद का स्त्रोत समझ रहे हैं, वास्तव में वे हमें बेड़ियों में जकड़कर गुलाम बनाने वाली चीजें हैं।

सांसारिक चीजों से अपनी प्रवृत्ति को हटाने और परमात्मा में स्थिर करने को ही निश्चयात्मिका बुद्धि कहा जाता है। मनुष्य का मन सुख सुविधाओं और भोग के साधनों की ओर दौड़ता है।अगर हम इन्हें पाने की कामना करें तो इच्छाएं अनंत हैं।अगर छोड़ना चाहें तो कामनाओं और भोगों को प्राप्त करने की इच्छा का त्याग अर्थात एक ही संकल्प काफी है। अगर हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं, तो धीरे-धीरे इस ओर आगे बढ़ ही सकते हैं। पाने की लालसा अनेक और छोड़ने में निश्चयात्मिका बुद्धि एक है।वास्तव में ऐसा कह देना आसान है पर हम भोगों की प्राप्ति की लालसा को व्यवहार में कहां छोड़ पाते हैं? अगर हमारे मन ने ईश्वर को प्राप्त करने के उद्देश्य में अपनी बुद्धि स्थिर कर दी है तो फिर थोड़े अभ्यास के बाद यह विचलित नहीं होगी ।अगर हम विकल्प की गुंजाइश रखेंगे तो बुद्धि मन की सहायता से यहां वहां भटकती रहेगी।आसन्न भोगों-सुखों के हमारे लिए आवश्यक न होने पर भी उन्हें आवश्यक और अपरिहार्य सिद्ध करती रहेगी।अतः थोड़ा मुश्किल होने पर भी ''यह भी प्राप्त कर लूँ'', साथ ही ''वह भी प्राप्त कर लूँ'' के स्थान पर ''मैं परमात्मा में मन लगाने की कोशिश करूं,जो चीजें आवश्यक होंगी,स्वतः ही प्राप्त होती जाएंगी'', ऐसा दृष्टिकोण अधिक उचित है।

अतः दो नावों की सवारी से बचें और आत्म तत्व को जानने का प्रयास प्रारंभ करें, जो जीवन में सुख और आनंद का सही मार्ग है।

### स्रोत श्लोकः

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है : -

भोगैश्वर्यप्रसक्तानां तयापहृतचेतसाम्।
व्यवसायात्मिका बुद्धिः समाधौ न विधीयते।(2/44)।

इसका अर्थ हैः हे अर्जुन,(भोग व ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए कई प्रकार की क्रियाओं का वर्णन करने वाली)उस वाणीसे जिनका अन्तःकरण हर लिया गया है अर्थात् जो भोगों की ओर आकर्षित हो गए हैं और ऐश्वर्य में जो अत्यन्त आसक्त हैं,उन मनुष्यों की परमात्मा में निश्चयात्मिका बुद्धि नहीं होती।

## सामयिक चर्चा

### शाश्वत है, सदन में हंगामा !

बड़े जोर से खीजकर
बानी बोले - ये सदन में
क्या हो रहा है गजाधर ?
देखो तो, संसद की कार्यवाही
तीसरे दिन भी ठप्प,
बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर।
गजाधर ! इसका कारण
आपको क्या समझ आता है।
गजाधर मुस्कराए बोले - बानी !
यही कि कोई-कोई सदन में
अपनी ताकत दिखाता है।
तो कोई, संसद की कार्यवाही के
डायरेक्ट प्रसारण के कारण, हीरो बन जाता है।
और कितनों को तो मजा आता है।
पर सत्ताधारियों को इस तरह सदन का
जब-तब ठप्प होना, खलते जाता है।
हा ! लेकिन, मजे की बात यह है बानी !
जब सत्ताधारी, विपक्षी हो जाते हैं,
तो फिर, वे भी, इसी तरह
हंगामा मचाते हैं।
मतलब बानी ! हंगामा
शाश्वत हो गया है सदन में।
भले हम जैसे साधारण लोग
खीजते रहें, कुढ़ते रहें मन में ।



-गिरीश बख्शी

## कविता

### तंगी से तंग

सोचता हूँ! तंगी से तंग होकर व्यंग लिख डालूँ।
जहां तहां भ्रष्टाचार का बोल बाला,
कभी कोई अंदर तो कभी कोई
बाहर। सोचता हूँ !
रोज रोज तंगी से तंग होकर क्यों
न कर डालूँ भ्रष्टाचार।
जेल में रहूँ वीआईपी बनकर सुविधा सहित।
जेल के बाहर सड़कों पर हल्ला
करेंगे वो मेरे साधने वाले हित।



**गजेंद्र बख्शी**
राजनांदगाँव

## कविता

### //सावन बईरी//

ए सावन मोला बड़ भावै,
जिवरा ल मोर धड़कावै।।
चारो कोती हे हरियाली,
चमकत हे धनहा बाली।।
देख तोर सुरता बड़ आवै,
जिवरा ल मोर धड़कावै।।
काजर आँजे बिरबिट करिया,
छाथे आकास बदरिया,
संग पवन के भाग उड़रिया,
भुइयाँ सँग प्रीत बढ़ावै,
जिवरा ल मोर धड़कावै।।
सावन मा गिरथे जब पानी,
फूल खिलै आनी बानी,
छोड़ धरा मा गंध निशानी,
मंद-मंद पुरवा मुस्कावै,
जिवरा ल मोर धड़कावै।।
भींगे छूही अँगना महकै,
चींव-चींव चिरई चहकै,
चीर घटा सूरज हर लहकै,
जग मा उजियारा लावै,
जिवरा ल मोर धड़कावै।।



प्रिया देवांगन ''प्रिय''
राजिम

## कविता

### ''एक पेड़ मां के नाम''

यह कर्ज नहीं फर्ज है तुम्हारा
इस धरा ने तुम सबको पाला
भोजन पानी जब मांगा तब पाया
आज वसुंधरा निहार रही तुमको
क्यों मलिन हुआ आंचल यह मेरा
हर लिवास काला क्यों हो रहा
निर्मल जल शुद्ध वायु मैंने दिया
तुमने सब में जहर घोल डाला
आसमान से अम्ल बरसता
हवा में फैला धुएं का जाला
जल में पारा और शीशा है पाया
जमीन में है प्लास्टिक का जाला
ना जाने तुमने क्या-क्या कर डाला
चलो लगाये एक पेड़ हम भी तुम भी
कर्ज चुकाए इस धरा का
अपनी वसुंधरा को
फिर हरी चुनरी ओढ़ाए।
चलो लगाए एक
पेड़ माँ के नाम

थंगेश्वर कुमार साहू
व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार

## सू- दोकू क्र.119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.118 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -119

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |




## राशिफल



आज का दिन बेहतरीन साबित होगा। घर परिवार में आप अच्छा समय बिता पाएंगे। बड़े भाई-बहनों का सहयोग भी आपको प्राप्त होगा। आपके कुछ अटके हुए कार्य भी आज के दिन पूरे हो सकते हैं। लेखन के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को आज के दिन नए अनुभव प्राप्त हो सकते हैं। आज के दिन हाथ में न लें जिसे करने में आप हिचकिचाते हैं।



बिजनेस में इस राशि के लोगों को बड़ा धन लाभ हो सकता है। आज के दिन गणेश जी की कृपा आप पर बनी रहेगी। सामाजिक स्तर पर आप अपने बातों को खुलकर रख पाएंगे और लोग आपकी ओर आकर्षित भी होंगे। 7 किसी पुराने दोस्त से आज आपकी मुलाकात होने की भी संभावना है। पुराने समय की यादें ताज होंगी।



इस राशि के जातकों को किसी को दिया हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा, जिसका उपयोग आप अन्य कार्य के लिए भी कर सकते हैं। शादीशुदा रिश्ते में चल रही अनबन आज खत्म होगी , आपके रिश्ते में नयापन आएगा। माता-पिता की किसी दिली ख्वाहिश को आज के दिन इस राशि के कुछ जातक पूरा कर सकते हैं।



आज आप किसी धार्मिक स्थल पर यात्रा के लिए जा सकते हैं, जहां आपके अशांत मन को शांति मिलेगी। बच्चे आज आपसे कुछ बात कर सकते हैं, आपको उनकी पूरी बात जरुर सुननी चाहिए। कला में रूचि रखने वालों को आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा, जो उनके करियर को आगे बढ़ने में मदद करेगा।



आज किसी काम को लेकर पड़ोसी से मदद मिलने की संभावना बन रही है। आज अचानक घर पर मेहमान का आगमन हो सकता है, परिवार में चहल ङ्ग पहल बनी रहेगी। आपके द्वारा कही गई बातें सामाजिक स्तर पर लोगों को पसंद आएंगी। राजनीति के क्षेत्र में हैं तो आपके प्रशंसकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।



कन्या राशि के जातक आज के दिन ऊर्जा से ओतप्रोत रहेंगे जिसके चलते इन्हें करियर के क्षेत्र में आशातीत लाभ प्राप्त हो सकते हैं। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जो आपको ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप मूवी देखने जा सकते हैं और किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर करके आपको खुशी मिलेगी।



आज व्यापारिक दृष्टि से आपको बढ़िया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपकी समझदारी से भरी बातें लोगों को खूब भाएंगे। प्रेम जीवन में भी इस राशि के जातकों को अच्छे परिणाम देखने को मिल सकते हैं। रुकी हुई योजनाओं पर फिर से विचार करने का यह अच्छा समय है।



अपनी वाणी से वृश्चिक राशि के लोग जीवनसाथी का दिल आज जीत सकते हैं। आपकी अधूरी योजनाएं फिर से शुरू हो सकती हैं। किसी काम को लेकर आज आपकी बात कलीग से हो सकती है, काम पूरा हो जाएगा।आपकी छोटी बहन कोई खुशखबरी आज के दिन आपको सुना सकती है और इससे आपका दिन बन जाएगा।



ऑफिस में सहकर्मियों का साथ मिलेगा और आज आपका पेंडिंग वर्क कम्पलीट हो जाएगा। दाम्पत्य जीवन में ताल-मेल बना रहेगा, बच्चे आज खूब उछल-कूद मंचाएंगे। बच्चों के साथ आज इस राशि के जातकों को बेहतरीन समय बिताने का मौका मिल सकता है। कुछ लोग आज के दिन किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान भी बना सकते हैं।



आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज हार्डवेयर का काम करने वालो को बढ़िया धन लाभ होगा, आज आपको बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बनती दिख रही है। आज आप जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बिठाने की पूरी कोशिश करेंगे। आज के दिन आसानी से पूरा कर सकते हैं।



आपकी सेहत में अच्छे बदलाव आने से आज के दिन का भरपूर लाभ आप उठा पाएंगे। खेलकूद में भी इस राशि के जातक हिस्सा ले सकते हैं। आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। आज आपके अटके हुए कार्य को गति मिलेगी, जिससे आपको सुकून मिलेगा। आपको उसमें सफलता मिलेगी।



आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप बिजनेस में अपने सहयोगियों की मदद से आगे बढ़ेंगे, आपके पेरेंट्स गर्व महसूस करेंगें। शिक्षा के क्षेत्र में जो परेशानियां बीते समय में आयी थीं उनका आपको हल आज के दिन मिल सकता है। आपके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना कार्यक्षेत्र में होगी।

# जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में नियम विरुद्ध कृषि केंद्रों की भरमार

### विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कई हिस्सों में वर्षों से नियमों को ताक पर रखकर कृषि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि किसानों के आर्थिक शोषण का जरिया भी बन गए हैं। कृषि विभाग को इन अनियमित केंद्रों की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से विभाग की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

### नियमों का खुला उल्लंघन

कृषि विभाग के नियमानुसार कृषि केंद्र राशन दुकान, होटल, मेडिकल स्टोर या खाद्य सामग्री बेचने वाली किसी भी दुकान के पास नहीं खोले जा सकते। संचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी, लाइसेंस, स्टॉक पंजी, और साफ-सुथरी गोदाम व्यवस्था अनिवार्य है। दुकान के बाहर लाइसेंस नंबर, रेट लिस्ट और अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए। परंतु ज़मीनी हकीकत यह है कि अनेक दुकानें बिना वैध दस्तावेजों और बिना निरीक्षण के ही चल रही हैं, जिससे किसानों को गलत और अनियमित उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

खाद की अधिक कीमत वसूली- सबसे गंभीर शिकायत यह है कि कई केंद्र किसानों को खाद एमआरपी से अधिक दर पर बेच रहे हैं। एक किसान ने बताया कि जिस खाद की थैली पर 1200 मूल्य लिखा है, उसे 1350 से 1400 में बेचा जा रहा है। किसी भी केंद्र पर रसीद नहीं दी जाती, जिससे कोई सबूत भी नहीं रहता। इस प्रकार की मनमानी किसानों की जेब पर सीधा असर डाल रही है और उन्हें कर्ज में धकेल रही है।

### विभाग की चुप्पी, मिलीभगत का संकेत

स्थानीय नागरिकों और किसान संगठनों का कहना है कि कृषि विभाग को इन अनियमितताओं की पूरी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।


### कृषि केंद्र संचालन हेतु मुख्य नियम

वैध लाइसेंस (बीज, खाद, कीटनाशक के लिए अलग-अलग)। प्रशिक्षित और प्रमाणित व्यक्ति द्वारा संचालन। साफ-सुथरी गोदाम और कार्यालय व्यवस्था। एमआरपी के अनुरूप बिक्री और बिल जारी करना। अन्य दुकान जैसे होटल/मेडिकल/खाद्य दुकान से दूरी।

किसानों और स्थानीय संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित कृषि केंद्रों की जांच व लाइसेंस रद्द किया जाए। एमआरपी से अधिक दर में बिक्री करने वाले दुकानों पर वाणिज्यिक कर विभाग और कृषि विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जाए। विभागीय अधिकारियों की भ्रमण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और उत्तरदायित्व तय हो।

# सोसाइटियों में खाद का टोटा

### दर-दर भटक रहे किसान




गंडई पंडरिया (दावा)। नगर सहित वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा के किसानों को सोसाइटियों से पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है, इसके चलते किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें खाद के दर बदर भटकना पड़ रहा है। हालांकि समिति ने अपने आला अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया है और पर्याप्त मात्रा में खाद की मांग की है। बावजूद इसके समस्या जस के तस बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सेवा समिति में यूरिया 300 टन एवं डीएपी 2.50 टन की जरूरत होती है। लेकिन वर्तमान में अब तक 60 प्रतिशत यूरिया और 25 प्रतिशत डीएपी ही समिति को उपलब्ध हो पाई है। ऐसे में समिति में खाद की किल्लत होना लाज़मी है। शासन प्रशासन के सुस्त रवैया के चलते किसानों को ऐन कृषि कार्य के समय खाद की अनुपलब्धता के कारण काफी तकलीफों से जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब है की शासन पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की दिलासा तो दे रहा है परंतु दर हकीकत हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण पैलीमेटा वनांचल क्षेत्र है। खाद की किल्लत के कारण यहां वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। यहां तक किसानों को बार बार समिति के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। एक किसान ने बताया की वे चार बार समिति का चक्कर लगा चुके हैं परंतु अब तक उन्हें खाद नही मिल पाई है।

इस संबंध में समिति के ऑपरेटर गौतरीहा साहू ने बताया की यूरिया डीएपी खाद की समस्या बनी हुई है। पैलीमेटा समिति अंतर्गत दो ठाकुरटोला एवं मोहगांव उप समिति आती है। उन्हें यहीं से खाद दिया जाता है। खाद की मांग की गई है, कब तक आएगा कुछ कह नहीं सकते।

## पहला कॉलम...

### छत्तीसगढ़ सरकार के संरक्षण में हो रही खाद की कालाबाजारी- राहुल तिवारी

#### किसानों को कमजोर बनाने का साजिश है खाद का कालाबाजारी

छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने छत्तीसगढ़ सरकार एवं कृषि विभाग के अधिकारियों पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार एवं कृषि विभाग के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। एक तरफ सोसाइटी में खाद नहीं है, सरकार किसानों को खाद देने में असमर्थ है वही दूसरी तरफ बाजार में खाद दोगुना तिगुना रेट में किसानों को बेचा जा रहा है। किसान खाद अत्यधिक रेट में लेने को मजबूर है। खुलेआम कुछ लोग माल वाहक गाड़ियों में खाद भरकर गांव में घूम-घूम कर भी बेच रहे हैं। इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। जिस तरह किसानों के जेब में डाका डाला जा रहा है ऐसा लगता है कि पूरी प्लानिंग के तहत किया जा रहा हैं। हाल ही में एक गांव में मालवाहक गाड़ी में खाद बेचने की शिकायत अनुविभागीय कृषि अधिकारी एस एल देशलहरे को की गई जिनके द्वारा प्रभारी कृषि विकास अधिकारी विकासखंड छुरिया जी पी सहाडे को कार्यवाही करने निर्देशित किया गया, लेकिन अधिकारियों के पहुंचने की सूचना कालाबाजारी करने वाले व्यक्ति तक पहुंच गई और वह वहां से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया सोचने की बात यह है जिस कार्यवाही के बारे में कृषि विभाग के अधिकारी जान रहे थे उसकी सूचना खाद का कालाबाजारी करने वाले व्यक्ति तक कैसे पहुंचा इसीलिए जानकार लोग कहते हैं गंगाधर ही शक्तिमान है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारियों की मौन स्वीकृति और मिलीभगत साफ नजर आ रहा है।



### बीटीआई डोंगरगांव का परिणाम शत-प्रतिशत

#### हुमेश और होशिता प्रथम वहीं हेमलता व पूर्णानंद द्वितीय

डोंगरगांव (दावा)। नगर के बुनियादि प्रशिक्षण संस्था में अध्ययनरत छात्राध्यापकों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर, द्वारा डी एल एड पाठ्यक्रम का वार्षिक परीक्षा परिणाम 22 जुलाई 2025 को घोषित किया गया, जिसमें शासकीय बीटीआई डोंगरगांव से महज पांच अकादमिक सदस्य एवं अतिथि शिक्षकों के भरोसे दोनों वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. संस्था के जहाँ प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक हुमेश कुल अंक 862 तथा हेमलता कुल अंक 848 के साथ क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका होशिता वर्मा कुल 1703 अंक तथा पूर्णानंद द्वारा 1701 अंक के साथ संस्था में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान अर्जित किया. संस्था प्राचार्य मुकुल के.पी.साव, सेवानिवृत्त आर के एस ठाकुर वर्तमान अकादमिक सदस्य शरद शुक्ला, एन.आर.लेंझारे, पोषण साहू, देवेश कुमार जैन तथा कविता दुबे और कार्यालयीन स्टॉफ द्वय लीलाधर देवांगन एवं प्रीति वैष्णव ने सभी छात्राध्यापकों को शुभकामना प्रेषित की है.



### कुलपति प्रो. (डॉ) लवली शर्मा सहित प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने विश्वविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



खैरागढ़ (दावा)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संगीत विश्वविद्यालय केम्पस 01 में पौधरोपण किया गया। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस 01 स्थित ग्रन्थालय के सामने गार्डन में कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा सहित प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता व विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी, कविता वासनिक व विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किए। विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी समिति की बैठक में बतौर सदस्य शामिल होने पहुंचे कलाकारों ने बैठक पश्चात कैंपस 01 पहुंचकर अपने-अपने मां के नाम पौधारोपण किए।

# सती चरित्र, दक्ष यज्ञ विध्वंस एवं शिवजी के वैराग्य का करुणापूरित प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



मां बम्लेश्वरी धाम छीरपानी प्रांगण में चौथे दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी

डोंगरगढ़(दावा)। श्री मद भागवत सेवा संस्थान कोहका द्वारा आयोजित पंचकुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में पूज्य गुरुदेव भगवान जी ने अत्यंत भावप्रवण शैली में सती चरित्र एवं दक्ष यज्ञ विध्वंस की हृदयस्पर्शी कथा का वर्णन किया। कथा का आरंभ करते हुए पूज्य गुरुदेव ने बताया कि किस प्रकार भगवान शिव की परम आराधिका भगवती सती ने अपने पिता दक्ष प्रजापति के अहंकार व अपमान जनक व्यवहार के कारण योगाग्नि में देह त्याग किया।

गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को बताया कि सती के इस दुखद अंत से भगवान शिव ने सारा सृष्टिचक्र स्थिर कर दिया, और तब उनके गण वीरभद्र एवं भूतगणों ने दक्ष यज्ञ का विध्वंस कर दिया। यह प्रसंग आत्म बलिदान, सम्मान एवं धर्म की रक्षा का दिग्दर्शन कराता है। इसके पश्चात शिवजी ने सती की देह को लेकर आकाश में विचरण किया, जिससे सृष्टि में असंतुलन उत्पन्न हुआ। भगवान विष्णु ने चक्र से सती के शरीर को विभाजित किया, और जहाँ-जहाँ उनके अंग गिरे, वहाँ शक्तिपीठों की स्थापना हुई। पूज्य गुरुदेव जी ने इस प्रसंग को अत्यंत करुणा, वेदना और अद्भुत वैराग्य के साथ प्रस्तुत किया, जिससे पंडाल में उपस्थित भक्तों की आँखें नम हो उठीं। शिव वह हैं, जो प्रेम में स्वयं को भुला देते हैं; जो वियोग में संसार को भी विरक्त कर देते हैं।

गुरुदेव जी ने कहा सती की अग्निसमाधि हमें यह सिखाती है कि जहाँ धर्म का अपमान हो, वहाँ मौन नहीं रहना चाहिए। और शिव का विरक्त स्वरूप हमें यह सिखाता है कि सच्चा योगी वही है जो प्रेम को भी तपस्या बना दे। पूज्य गुरुदेव भगवान जी ने शिवभक्त नंदी जी के चरित्र के माध्यम से गुरु-निंदा के विरोध की धर्मपरायणता का संदेश दिया। कथा में वर्णित हुआ कि जब प्रजापति दक्ष ने एक सभा में भगवान शिव की निंदा की, तब नंदी महाराज, जो उस समय वहां उपस्थित थे, उस निंदा को सहन न कर सके। उन्होंने तुरंत उस अमर्यादित वाणी का सशक्त प्रतिकार किया। नंदी ने न केवल शिव की महिमा का गान किया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि जो भगवान शिव की निंदा करता है, वह स्वयं अपनी आध्यात्मिक क्षति का कारण बनता है।

पूज्य गुरुदेव भगवान जी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा जहाँ भगवान, गुरु या धर्म की निंदा होती हो, वहाँ यदि प्रतिकार नहीं कर सकते, तो उस स्थान को छोड़ देना चाहिए। मौन रहकर निंदा सुनना भी पाप है। उन्होंने आगे कहा भक्त वही है जो अपने आराध्य की मर्यादा की रक्षा करें, और श्रद्धा की आहुति कभी न दे। शिवभक्त नंदी का आचरण आज के समाज के लिए प्रेरणा है। इस दिव्य प्रसंग के माध्यम से पूज्य गुरुदेव ने धर्मनिष्ठा, गुरुभक्ति और कर्तव्यबोध का जीवनोपयोगी उपदेश दिया, जिसे सुनकर श्रोतामंडली भावविभोर हो गई। दिव्य कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं-बहनें, युवा एवं साधकगण उपस्थित रहे। समस्त आयोजन में शिवभक्ति की भावधारा प्रवाहित होती रही।

# धूमधाम से निकली बाबा चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा



### बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं पर बरसा फूल

डोंगरगांव (दावा)। सावन महोत्सव के अवसर पर गुरूवार को बाबा भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जो हनुमान मंदिर प्रांगण से निकलकर सदरलाईन, चंडी मंदिर, फव्वारा चौक, श्रीरामव्दार, गौरवपथ होते हुए साकेतधाम परिसर पहुंची, जहां साकेतधाम समिति के सदस्यों और मुहल्लेवासियों व्दारा भव्य स्वागत किया गया. इस भव्य शोभायात्रा में शहर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरूषों के बच्चे बुजुर्ग शामिल हुए. पूरे नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह खानपान की व्यवस्था की गई थी, जिसमें मुस्लिम समुदाय भी पीछे नहीं रही. मुस्लिम समुदाय ने भी इस पालकी यात्रा के स्वागत के लिए फव्वारा चौक के समीप शीतल पेय का वितरण किया. साथ मानसरोवर हॉटल के संचालक ने भी हमेशा की तरह भगवान की पालकी यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के स्वागत में फूल बरसाये, साथ ही पोहा का वितरण किया. इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई थी, जिसमें बाली अखाड़ा बांसपाई पारा राजनांदगांव टीम, राउत नाचा, भजन मंडली, नृत्य झांकी के साथ भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी अपनी अलग छवि बिखेर रही थी. इस दौरान महाकाल मंदिर सिंघोला, शिवमहाकाल सेना की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही. वहीं भगवान की पालकी धारण करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे यात्रा के दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने पालकी उठाकर इस सावन मास का पुण्यलाभ लिया.

# शिव कोकड़ी के लिए निकाली कांवड़ यात्रा

घुमका(दावा)। नगर पंचायत घुमका के बाजार चौक महाकाल शिव मंदिर से शिव कोकड़ी के लिए कावड़ियों का दल सुनिल सिंह राजपूत के तत्वावधान में शिव बाबा के धाम के लिए कावड़ियों की यात्रा में बड़ी संख्या में महिला बच्चें व अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। जैसे अनिल सिंह, ममता सिंह, दीपिका चंदेल, अनोखी, खुशिका चंदेल, विक्की वर्मा, गुंजन चंदेल, भूषण वर्मा, पिंटू यदु, सेवाराम पटेल, लोचन निर्मलकर, सुनील यदु, परमानंद वर्मा, काव्य साहू, सुजित पटेल रवि पटेल, संजय पटेल, कोमल यादव, आशिष मिश्रा, मनिक यादव, फागू यादाव, मयंक यादव, प्रतिस पटेल, मनोज नवनीत चंदेल, अनिल चंदेल, छोटू पटेल, पोषण सेन आदि लोग शामिल थे।

## गेड़ी...



राजनांदगांव( दावा )। विधानसभा क्षेत्र ग्राम भर्रेगांव में छत्तीसगढ़ पारंपरिक तिहार हरेली पर बच्चों ने गेड़ी चढ़कर त्यौहार मनाया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली कांवड़ यात्रा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल बिहरीकला द्वारा कावड़ यात्रा निकाला गया। यह कावड़ यात्रा बीते बारह वर्षों से निकाली जा रही है और हर वर्ष भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा निकाली गई जो कि बिहरीकला हनुमान मंदिर से शिवनाथ नदी अम्बागढ़ चौकी से जल लेकर शाकरदाहरा में शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जल अभिषेक किया गया।

जिसमें गाँव के भूतपूर्व सरपंच हेमकुंवर मंडावी, वर्तमान सरपंच सराधुराम चन्द्रवंशी, उपसरपंच अजय अग्रवाल एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक (रा.मो.मा.अं चौकी) सुनील सोनी और अभिमन्यु के द्वारा कावड़ यात्रा को भगवा झंडा दिखाकर व शुभकामनाएं देते हुए यात्रा की शुरुवात की गई। साथ ही गाँव में फूलों के साथ यात्रा को विदाई दिया गया और कावड़ यात्रा का अम्बागढ़ चौकी में स्वागत किया गया, जिसमें कि विशेष रूप सेन पूर्व विधायक संजीव शाह, आरएसएस के संघ संचालक सतीश खंडेलवाल, हितेश ठक्कर, बंटी वर्मा, मोंटी खंडेलवाल, सौरभ खण्डेलवाल, आशीष द्विवेदी, विमल यादव, राजेश जैन गुजराती, संजय मिश्रा, शंकर तिवारी, बंटी यादव, संदीप दुबे एवं अम्बागढ़ चौकी के गणमान्य नागरिक साथ ही विश्व हिन्दू परिषद परिषद बजरंग दल के बिहरीकला अम्बागढ़ चौकी प्रखण्ड संयोजक मुकेश निमर्लकर, बिहरीकला अम्बागढ़ चौकी खण्ड संयोजक चिप्रेश यादव, सह प्रखण्ड संयोजक जितेन्द्र पटेल, गौरक्षा प्रमुख खण्ड पुनाराम पटेल, सत्संग प्रमुख खण्ड देवेन्द्र सिन्हा सहित अनिष राजपुत, संजय पावले, अजय पटेल, रुपेश पटेल, शोभाराम साह, समीर भाण्डकर, अविनाश चतुर्वेदी, पेशु मर्ग एवं सभी बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं दुर्ग वाहिनी के वाहनों के साथ यह यात्रा सम्पन्न हुई है।

# नवोदय विद्यालय में मैनेजमेंट, परचेज व मेस कमेटी की बैठक में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव



राजनांदगांव (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के पुस्तकालय कक्ष में बुधवार 23 जुलाई को सुबह 11.30 बजे विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी, विद्यालय परचेज कमेटी और जिला स्तरीय मेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा, बीईओ श्रीमती वीरेन्द्र कौर गरचा, सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न, खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री सोनकले, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश यादव, केवी डोंगरगढ़ के प्राचार्य एसआर कुजुर, पालक प्रतिनिधि श्रीमती सरला साहू और त्रिलोक चौरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य संजय कुमार मंडल, वरिष्ठ शिक्षक ओपी चौरसिया, एसके बिसेन, स्नेह अग्रवाल, एसके वर्मा, अनिल कुमार पॉल, जानकी उइके, अर्चना, उमा धुर्वे सहित स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

प्राचार्य श्री मंडल ने अतिथियों को गमला भेंटकर स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इसके पश्चात वरिष्ठ शिक्षक ओपी चौरसिया ने विद्यालय की प्रमुख आवश्यकताओं पर बिंदुवार प्रकाश डाला। इनमें ओवरहेड टैंक निर्माण, बधियाटोला से विद्यालय तक सड़क चौड़ीकरण, विद्यालय परिसर में सड़क निर्माण और विभिन्न स्किल विषयों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल थे।

संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बाघे ने विद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग की ओर से सहयोग देने की सहमति दी। पालक प्रतिनिधि त्रिलोक चौरे और श्रीमती सरला साहू ने विद्यालय की पढ़ाई और सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षक और प्रशासन की सराहना की।

# शक्तिवाहिनी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को दी शुभकामनाएं



डोंगरगढ़(दावा)। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव में जीत हासिल कर पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने वाले मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित पीतांबर स्वामी सहित सभी ट्रस्टियों को शक्ति वाहिनी की टीम में बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर अंचला सिंह, ज्योति बढ़वाईक, निर्मला गीता ,पुजा, शारदा, इंदु यादव व बड़ी संख्या में शक्ति वाहिनी की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लड़ाई : कंबोडिया ने मार गिराया थाईलैंड का SU-16 फाइटर जेट

नई दिल्ली। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर भीषण लड़ाई जारी है। दोनों पक्षों में जारी संघर्ष में अब तक 9 लोगों के मारे जानी की खबर सामने आई है। इधर कंबोडिया के रॉकेट हमले के जवाब में थाईलैंड ने नोम पेन्ह पर एफ-16 फाइटर जेट से हमला किया है। ÷द नोम पेन्ह पोस्ट÷ की खबर में दावा किया गया है कि थाईलैंड ने कंबोडिया पर बृहस्पतिवार को 6 एफ-16 फाइटर जेट से हमला किया। इस दौरान कंबोडिया ने थाईलैंड के एक फाइटर जेट को मार गिराया है।

द नोम पेन्ह पोस्ट के अनुसार कंबोडिया के ता मुएन थॉम मंदिर, ता क्राबेई मंदिर, मोम बेई इलाका और प्रेह विहेयर मंदिर के आसपास हमले किए गए हैं। सुबह से दोनों देशों में जंग जारी है।। इन स्थानों को संघर्ष के मुख्य बिंदुओं के रूप में चिन्हित किया गया है। कंबोडियाई नेतृत्व का कहना है कि थाई सेना ने हमला शुरू किया, जो कि उनके द्वारा घोषित च्चकपोंग फुवनात सैन्य रणनीतिज्ज् के तहत किया गया पहला बड़ा आक्रमण है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने बताया कि थाई बलों ने ओदार मीन्चे प्रांत में स्थित कंबोडियाई सेना की चौकियों पर हमला किया और फिर मोम बेई क्षेत्र तक हमले का दायरा बढ़ा दिया। च्चकंबोडिया हमेशा शांति से मसलों को सुलझाने का पक्षधर रहा है, लेकिन इस बार हमारे पास बलपूर्वक जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

## रूस में लापता हुए अंगारा एयरलाइंस का प्लेन का मलबा मिलने का दावा

मॉस्को। रूस से एक बेहद चिंताजनक खबर सामने आ रही है। अंगारा एयरलाइंस का एक यात्री विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद रडार से गायब हो गया था। इस विमान में 49 यात्री सवार थे, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। अब एपी की रिपोर्ट में अब इस विमान का मलबा रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र में मिलने की जानकारी सामने आ रही है। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया कि विमान का ÷जलता हुआ मलबा÷ मिला है। हालांकि मंत्रालय ने इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी। इसमें सवार सभी लोगों के मारे जाने की आशंका है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन ने इरकुत्स्क शहर से उड़ान भरी थी और उसे याकूत्स्क पहुंचना था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ञ्जष्ट) से उसका संपर्क टूट गया। कई प्रयासों के बावजूद विमान से संपर्क नहीं हो पाया है, जिससे हादसे की आशंका गहराती जा रही है। रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। फिलहाल लापता विमान की खोज के लिए हेलीकॉप्टर और ड्रोन तैनात किए गए हैं। मौसम की खराबी और इलाके की दुर्गमता के चलते खोज अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। सरकारी अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है या आपात लैंडिंग की गई है। पूरे देश की निगाहें अब इस मिशन पर टिकी हैं। यात्रियों के परिजनों को एयरपोर्ट पर इकट्ठा किया गया है और उन्हें लगातार जानकारी दी जा रही है।

## भूकंप से कांपी इंडोनेशिया की धरती

नई दिल्ली। इंडोनेशिया की धरती आज सुबह भयंकर भूकंप से कांप गई। भूकंप सुलावेसी क्षेत्र के मिनाहासा प्रायद्वीप में आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 तीव्रता मापी गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेस (त्रस्न्रं) ने भूकंप आने की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र 147 किलोमीटर की गहराई में मिला। 2 दिन पहले भी इंडोनेशिया के सेराम में भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई थी। सेराम में आए भूकंप का केंद्र अंबोन से लगभग 244 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व और अमाहाई से 155 किलोमीटर दूर धरती के नीचे 15 किलोमीटर की गहराई में मिला था। इससे पहले जुलाई महीने में इंडोनेशिया के तनिम्बर द्वीप समूह के तट पर भूकंप आया था, जिसका केंद्र 98 किलोमीटर की गहराई में मिला था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.7 मापी गई थी। मई महीने में भी साउथ सुमात्रा में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर आया था। बता दें कि इंडोनेशिया प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर पर बसा है, जहां कई टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं।

## 3 लड़के, 2 लड़कियां : पाकिस्तान में एक बार में महिला ने दिया 5 बच्चों को जन्म

नई दिल्ली। पाकिस्तान के शहर कराची के बल्दिया टाउन में एक प्राइवेट अस्पताल में बीते मंगलवार को अचानक भावनाओं का सैलाब और हैरान कर देने वाली स्थिति एक साथ पैदा हो गई, जब एक महिला ने एक साथ 1 नहीं पांच-पांच बच्चों को जन्म दिया। यह अनोखी और दुर्लभ प्रेग्नेंसी डिलीवरी का मामला है, जिसमें कुछ घंटों की खुशी एकदम से मातम में तब्दील हो गई। दरअसल, बच्चे प्रीमैच्योर हुए थे, जिस कारण दो बच्चों ने कुछ ही देर बाद दम तोड़ दिया। कराची में 5 बच्चों की मां बनी महिला का नाम अदनान शेख बताया जा रहा है। प्राइवेट वेबसाइट के मुताबिक, अदनान बल्दिया कस्बे की निवासी हैं।

# चोटिल पंत का जुझारू प्रदर्शन, डकेट और क्राउली बने मुसीबत; इंग्लैंड का स्कोर 220 रन के पार



मैनचेस्टर। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले का आज दूसरा दिन था। इंग्लैंड ने गुरुवार का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय ओली पोप 20 और जो रूट 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। फिलहाल इंग्लैंड की टीम भारत से 133 रन पीछे है। इससे पहले भारत की पारी 358 रन पर सिमटी थी।

### डकेट-क्राउली बने भारत के लिए मुसीबत

जैक क्राउली और बेन डकेट ने इंग्लैंड को पहली पारी में शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी हुई, जिसे रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने क्राउली को अपना शिकार बनाया। वह 113 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अपने टेस्ट करियर का पहला मुकाबला खेल रहे बेन डकेट ने अंशुल कंबोज को पवेलियन की राह दिखाई। डकेट 13 चौके की मदद से 94 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, वह छह रन से अपना शतक पूरा करने से चूक गए। दिन का खेल समाप्त होने तक ओली पोप 42 गेंदों में 20 और जो रूट 27 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। भारत के लिए अंशुल कंबोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट चटकाए हैं। दिन का खेल 264/4 के स्कोर से शुरू हुआ था। उस वक्त रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहले सत्र में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने घातक गेंदबाजी करते हुए जडेजा को आउट कर दिया। वह 20 रन बना पाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने शार्दुल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी हुई। शार्दुल को बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। वह 88 गेंदों में 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्दुल के बाद बल्लेबाजी के लिए चोटिल ऋषभ पंत आए। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के शुरुआती दिन पंत चोटिल हो गए थे। उस वक्त वह 37 के स्कोर पर थे और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। हालांकि, दूसरे दिन पंत की एक बार फिर मैदान पर वापसी हुई और उन्होंने 71 गेंदो में अपने टेस्ट करियर का 18वां पचासा पूरा किया। दर्द से कराहने के बावजूद पंत 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 54 रनों की शानदार पारी खेलने में कामयाब हुए। इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में अंशुल कंबोज खाता भी नहीं खोल पाए जबकि बुमराह चार रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज पांच रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले यशस्वी जायसवाल ने 58, केएल राहुल ने 46, साई सुदर्शन ने 61 और शुभमन गिल ने 12 रन बनाए।

# सात्विक-चिराग ने शानदार जीत से बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

नई दिल्ली। चाइना ओपन 2025 से भारत के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. आज यानी 24 जुलाई को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 के मेंस डबल्स में भारत को शानदार जीत मिली. इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी सात्विक-चिराग ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है.



भारत की 12वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुंकाबला राउंड ऑफ-16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की 10वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना के साथ हुआ. इस मैच में भारतीय शटलर्स ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर ली. सात्विक-चिराग ने पहले सेट में कार्नांडो-मौलाना को 21-19 से हराया और दूसरे सेट में भी इसी स्कोर लाइन के साथ जीत दर्ज कर ली.

इस शानदार जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. इससे पहले राउंड ऑफ-32 में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जापानी जोड़ी केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा के साथ हुआ, जहां भारीतय जोड़ी ने सीधे गेम में 21-13, 21-9 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल यानी राउंडर ऑफ-16 में जगह बनाई थी. आज राउंड ऑफ-16 महिला सिंगल्स में पीवी सिंधु नजर आने वाली हैं.

# ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, टेस्ट में ये कारनामा करने वाले बने दुनिया के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज

मैनचेस्टर। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज और टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. वो अब तक इस सीरीज में 462 रन बना चुके हैं, जो सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं. पहले स्थान पर 619 रनों के साथ कप्तान शुभमन गिल हैं, जबकि तीसरे नंबर पर केएल राहुल 421 रन बना कर खड़े हैं.



भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू हो गया है. जहां भारत टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी कर रहा है. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर टीम इंडिया ने 4 विकेट खोकर 264 रन बना लिए हैं. रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं.

पहले दिन के खेल में सबसे बड़ा मोड़ उस समय आया जब टीम इंडिया के उपकप्तान ऋषभ पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए. उस समय वो 37 रनों पर बल्लेबाजी कर रहे थे. क्रिस वोक्स की तेज गेंद को रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पंत खुद को चोटिल कर बैठे. अब वो दोबारा भारत के लिए बल्लेबाजी कर पाएंगे या नहीं ये सबसे बड़ा प्रशन बना हुआ है, लेकिन उससे पहले पंत ने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं.

इस मैच से पहले ऋषभ पंत विदेशी धरती पर बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज 1000 रन बनाने से केवल 19 रन दूर थे. जैसे ही उन्होंने मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन 19 रन बनाने में कामयाब हुए वैसे ही वो विदेशी धरती पर 1000 से अधिक रन बनाने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए. टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में इससे पहले ऐसा किसी भी विकेटकीपर नही किया था. इसके अलावा ऋषभ पंत ने इस मैच में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

# दिव्या देशमुख ने महिला चेस विश्व कप में रचा इतिहास



फाइनल में पहुंचने वाली बनी पहली भारतीय खिलाड़ी

नईदिल्ली,24 जुलाई। पहली बार महिला चेस विश्व कप में हिस्सा ले रही नागपुर की दिव्या देशमुख ने इतिहास रच दिया है. वो जॉर्जिया में जारी महिला चेस विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने सेमीफाइनल के दूसरे गेम में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को 1.5-0.5 से हराकर ये उपलब्धि हासिल की. यह एक लंबी और उतार-चढ़ाव भरी लड़ाई थी जो 101 चालों तक चली.

इस जीत के साथ दिव्या प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भी बन गई हैं. ये टूर्नामेंट अगले साल खेला जाएगा, जिससे मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा. दिव्या ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त झोंगसू झू और फिर साथी भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका को हराया था. दूसरे सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के खिलाफ ड्रॉ खेला. ये मैच 75 चालों के बाद भी बराबरी पर समाप्त हुआ. हम्पी अब लेई से टाई-ब्रेकर में भिड़ेगी जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का फैसला होगा. फाइनल मैच 28 जुलाई को खेला जाएगा.

दिव्या देशमुख का जन्म 9 दिसंबर 2005 को नागपुर में हुआ. दिव्या को शतरंज खेलने का शौक बचपन से ही थी इसलिए वो 5 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था. दिव्या के माता पिता दोनों डॉक्टर हैं. उन्होंने अपने बेटी का हर मोड़ पर साथ दिया, जिसकी वजह से आज दिव्या देश का नाम रोशन कर रही है. दिव्या ने महज सात साल की उम्र में 2012 में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती थी. उसके बाद से दिव्या ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई खिताब अपने नाम करती चली गई. उनकी कामयाबी ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया, और वो ये उपलब्धि हासिल करने वली 22वीं महिला खिलाड़ी बन गई. उसके बाद दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया.

# फेसबुक-इंस्टा चलाते हैं तो हो जाएं अलर्ट! सरकार ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली । अगर आप फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और वाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आपकी एक छोटी सी लापरवाही साइबर अपराधियों को आपके बैंक खाते तक पहुंचा सकती है। देश में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को देखते हुए राष्टीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल ने करोड़ों सोशल मीडिया यूजर्स के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें ऑनलाइन सुरक्षित रहने के तरीके बताए गए हैं।



पोर्टल के अनुसार, साइबर अपराधी अब सोशल मीडिया के जरिए ही अपने शिकार की तलाश कर रहे हैं। वे आपकी प्रोफाइल, आपकी पोस्ट्स और आपकी ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखकर निजी जानकारियां जुटाते हैं और फिर मौका देखकर आपको अपने जाल में फंसाकर बड़ा वित्तीय फ्रॉड करते हैं।

सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना गलत नहीं है, लेकिन डिजिटल दुनिया में हर कदम सावधानी से उठाने की जरूरत है।

**साइबर फ्रॉड से बचने के लिए बरतें ये 5 अहम सावधानियां**

***अजनबियों से बातचीत में सतर्कता :*** सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति से बातचीत करते समय सतर्क रहें। यह पहचानना मुश्किल होता है कि सामने वाला व्यक्ति असली है या कोई स्कैमर। ऐसे लोगों को अपनी कोई भी निजी जानकारी जैसे कि फोन नंबर, पता या वित्तीय जानकारी कभी न दें। ***लुभावने विज्ञापनों को करें नजरअंदाज:*** सोशल मीडिया पर दिखने वाले हर विज्ञापन पर भरोसा न करें। स्कैमर्स अक्सर फर्जी विज्ञापन चलाकर लोगों को अपनी वेबसाइट पर ले जाते हैं और वहां जानकारी दर्ज कराते ही आपका डेटा चुरा लेते हैं, जिससे फ्रॉड हो सकता है।

# चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले 2 बदमाशों को धर दबोचा

## प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत की गई कार्यवाही, भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 24 जुलाई गुरुवार को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर सरजू विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय जनकलाल विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी चिखली शीतला मंदिर रोड, पोषण उर्फ गगन रामटेके पिता कन्हैया रामटेके उम्र 21 वर्ष निवासी स्टेशन पारा को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170,126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर संसद में संग्राम...**

मेघवाल ने विपक्षी सदस्यों से 'गोवा राज्य विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का समायोजन विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अनुसूचित जनजाति (एसटी) के हितों से संबंधित विधेयक है। लेकिन विपक्ष साथ नहीं दे रहा और वे शोरगुल कर रहे हैं।

**भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील डन....**

कहा, ये समझौता महज आर्थिक साझेदारी नहीं है. इससे भारतीय टेक्सटाइल, समुद्री और कृषि उत्पादों, फुटवियर को ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे. भारत के युवाओं-किसानों और मछुआरों के लिए ये समझौता बेहद लाभकारी साबित होगा. दूसरी ओर, भारत के लोगों और इंडस्ट्री में ब्रिटेन में बने उत्पाद (जैसे मेडिकल उपकरण) सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे. इस समझौते के तहत दोनों देशों के सेवा क्षेत्र को फायदा मिलेगा. यह कई सालों की कड़ी मेहनत का नतीजा है. ये बिजनेस करने की लागत घटाएगा.ब्रिटेन के बाजार को भारत के कुशल कामगारों का बड़ा फायदा मिलेगा. यह विश्व की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच समझौता है.

**लाल आतंक को सबसे बड़ा झटका: बस्तर....**

वालों में एक नक्सल दंपति भी शामिल हैं। वहीं पांच नक्सलियों के ऊपर 17 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 5 इनामी नक्सली सहित 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान के तहत 24 जुलाई को लोकतंत्र के ऊपर विश्वास जाहिर करते हुए समाज की मुख्यधारा में लौट आये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। इनमें कई कैडर वर्षो से नक्सली संगठन में सक्रिय थे और अब संगठन की जनविरोधी, हिंसक और दिशाहीन विचारधारा से मोह भंग के कारण उन्होंने समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 254 इनामी नक्सली सहित कुल 1 हजार 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें जिला दन्तेवाड़ा के साथ-साथ सीमावर्ती जिलों सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर के 824 पुरुष नक्सली और 196 महिला माओवादी शामिल हैं। सुकमा जिले में सक्रिय पांच नक्सलियों ने भी गुरुवार को आला अधिकारियों के सामने आत्म समर्पण किया है, ये सभी नक्सली जिले के जगरगुंडा और चिंतलनार इलाके में सक्रिय रहे हैं। पूना मारगेम और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्म समर्पण किया, सभी को प्रोत्साहन राशि दी गई और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जायेगा। बीजापुर में नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। यहां 25 लाख के इनामी एसजेडसीएम समेत कुल 25 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में डीवीसीएम, एसीएम, एलओएस सदस्य, जनताना सरकार के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित कई शीर्ष कैडर शामिल हैं। 1 करोड़ 15 लाख के इनामी नक्सलियों का समर्पण शासन की पुनर्वास नीति, सुरक्षा कैम्पों की स्थापना और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का नतीजा है। अब नक्सली में संगठन से मोहभंग और आम जीवन जीने की ललक दिख रही है। कांकेर जिले में 62 लाख के इनामी 13 नक्सलियों ने माओवाद का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं।

**अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ....**

की खबर के बाद, गुरुवार 24 जुलाई को रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर गिर गए। इन दोनों कंपनियों के शेयरों में उस दिन 5त्न से ज्यादा की गिरावट आई। पिछले पांच दिन में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर करीब 9.37त्न तक नीचे आ गए हैं। वहीं, रिलायंस पावर के शेयरों में भी लगभग 7.41त्न की गिरावट हुई है। मतलब, ईडी की छापेमारी की खबर से इन कंपनियों के शेयर बाजार में नुकसान हुआ है।

प्रवर्तन निदेशालय ने यस बैंक के ऋणों से जुड़े 3,000 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनिल अंबानी के रिलायंस समूह से जुड़े 35 ठिकानों पर छापेमारी की। कंपनी ने साफ कहा है कि रिलायंस पावर एक अलग और स्वतंत्र कंपनी है, जिसका आरकॉम या रिलायंस होम्स से कोई भी व्यापार या पैसा देने-लेने का संबंध नहीं है। आरकॉम पिछले छह साल से दिवाला (बैंकरप्टसी) की प्रक्रिया में फंसा हुआ है। कंपनी ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बात को मान लिया है कि आरकॉम और रिलायंस होम्स का मामला पूरी तरह सुलझ चुका है। मीडिया में जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे अभी कोर्ट और प्रतिभूति अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने विचाराधीन हैं। इसके अलावा, अनिल अंबानी रिलायंस पावर के बोर्ड में नहीं हैं। इसलिए, आरकॉम या रिलायंस होम्स के खिलाफ कोई भी कार्रवाई रिलायंस पावर की कंपनी या उसके कामकाज को प्रभावित नहीं करेगी। रिलायंस पावर अपनी कंपनी के काम और योजनाओं पर पूरा ध्यान दे रही है और अपने सभी शेयरधारकों के लिए अच्छा परिणाम लाने की कोशिश में लगी है।

**मुख्यमंत्री निवास में हरेली तिहार....**

इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती स्वयं धरती पर आकर किसानों के बीच उपस्थित होते हैं और उनके खेतों का निरीक्षण करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बैल और खेत-खलिहानों की पूजा करते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायकगण, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का....**

गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग बंकरों में छिपते नजर आए। गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया। यह कदम थाईलैंड द्वारा अपने पांच सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा चौकियों को बंद करने और कंबोडियाई राजदूत को निष्कासित करने के जवाब में उठाया गया। थाई अधिकारियों ने हाल में सीमा पर बारूदी सुरंगों से हुए धमाकों को लेकर कंबोडिया पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये सुरंगें हाल ही में बिछाई गई हैं और रूसी निर्माण की हैं। जबकि कंबोडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ये पुराने युद्धों की निशानियां हैं। एक धमाके में थाई सैनिक का पैर तक कट गया। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने प्रेह विहेयर मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना था, लेकिन यह फैसला आज तक थाईलैंड को रास नहीं आया। 2011 में हुए झड़पों में करीब 20 लोग मारे गए थे और हजारों विस्थापित हुए थे। 2013 में अदालत ने एक बार फिर कंबोडिया के पक्ष में फैसला दिया, जिससे थाईलैंड में असंतोष बढ़ा। अब एक बार फिर वही पुराने जख्म हरे हो गए हैं।

**ट्रम्प बोले- अमेरिकी कंपनियां....**

था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25त्न का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प की इस धमकी के बाद एपल का शेयर 4त्न गिरकर 193 डॉलर पर आ गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा. मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और।

यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बने। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने 15 मई को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा।

# डीईओ से मिला छत्तीसगढ़ टीचर्स एसो.



प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति 15 अगस्त से पहले

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में 22 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं के समाधान की ओर पुनः ध्यान आकर्षित कराया और अविलम्ब निराकरण करने ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जिला सचिव जीवन वर्मा, कोषाध्यक्ष हंसकुमार मेश्राम, जिला महासचिव राजेश साहू, जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा, महेश ऊईके, ब्लॉक सचिव किसन देशमुख, डोंगरगांव दिनेश द्विवेदी, रेवती रमन वैष्णव इस अवसर पर उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राजनांदगांव जिले में प्राथमिक प्रधान पाठक के लगभग 50 रिक्त पदों पर अभिलंब पदोन्नति करने की चर्चा किया जिस पर प्रक्रिया प्रारंभ होने व 15 अगस्त के पहले करने आश्वस्त किया, पूर्व में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के मांग पर 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रीष्मावकाश की अतिरिक्त आर्जित अवकाश प्रदान करने के आदेश का विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा पालन नहीं किया जाना व जनवरी 2025 में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पर पदोन्नति शिक्षकों की आज तक वेतन निर्धारण नही करने की बात जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखा गया। जिस पर अभिलंब कार्यवाही करने शाखा प्रभारी को निर्देशित किया, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने जिला के प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने शिक्षक सजग है, हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नीट, जेईई में जिले के अधिक से अधिक बच्चों का चयन हो शिक्षक मेहनत कर रहे हैं, साथ ही 2025-26 बोर्ड परीक्षा में अच्छा देने शिक्षक संकल्पित है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लगातार जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जा रहा संघ अच्छे प्रयासो के साथ सदैव सहयोग करेगा।

# विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत के जन्मदिन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर दी बधाई



खैरागढ़ (दावा)। धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा मंगलवार 22 जुलाई को संगीत नगरी खैरागढ़ पहुंचे, वे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए। बैठक समाप्ति के बाद धरसीवा विधायक एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने केसीजी के प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से उनके निवास स्थान में मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र जैन, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनिश सिंह 'दादू', पांडादाह मंडल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।

# साइबर सेल पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक





डोंगरगढ़ (दावा)। महिला बाल विकास संस्था द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान में किशोरी बालिकाओं के लिये आत्मरक्षा प्रशिक्षण/ साईबर सुरक्षा जागरूकता के तहत 23 जुलाई को कार्यक्रम पुलिस चौकी चिचोला के ग्राम बापूटोला एवं डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवकट्टा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सायबर सेल से सउनि सुमन कर्ष व आरक्षक हेमंत साहू द्वारा स्कूली छात्राओं को साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुये कक्षा 8 वीं से 12वीं तक के छात्राओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी, और डिजिटल जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान सायबर प्रभारी विनय पम्मार द्वारा बच्चों को बताया गया कि वे अपना पासवर्ड कभी भी किसी के साथ साझा न करें। अज्ञात लिंक, ईमेल या मैसेज पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले जांच करने हेतु कहा गया। साइबर बुलिंग, फर्जी अकाउंट और फोटो के दुरुपयोग के खतरे को समझाया गया। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 या https:// cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत करने या अपने नजदीकी थाना क्षेत्र में जाकर सूचना देने हेतु कहा गया। बच्चों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अपने परिजनों या शिक्षक से अवश्य साझा करने के लिये कहा गया। इस प्रकार दोनों स्कूल से 200 से अधिक छात्राओं को सायबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

**ग्राम बापूटोला एवं थाना डोंगरगढ़ के अंतर्गत ग्राम देवकट्टा के 200 से अधिक स्कूली छात्रों को किया गया जागरूक**

# संघर्ष, समर्पण और सफलता की मिसाल बने मान बहादुर कार्की



12 छात्रों को दिलाया यूजीस-एनईटी में स्थान, 10 ने हासिल की पीएचडी में सफलता

खैरागढ़(दावा)। यतेन्द्र जीत सिंह कहते हैं कि एक सच्चा शिक्षक वही होता है, जो सीमित संसाधनों में भी विद्यार्थियों को शिखर तक पहुंचा दे। कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है, मान बहादुर कार्की की जिन्होंने खैरागढ़ जैसे छोटे नगर में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में एक असाधारण योगदान दिया है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के दर्जनों विद्यार्थियों को न केवल यूजीसी-एनईटी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता दिलाई, बल्कि अपने मार्गदर्शन में 10 छात्रों को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने में मदद की। खास बात यह है कि ये सभी कार्य उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान या संसाधन के बिना, केवल अपने समर्पण, अनुभव और ईमानदार मेहनत से किए।

### व्हाइट हाउस, बना प्रतिभाओं की प्रयोगशाला

खैरागढ़ के राज फैमिली में स्थित व्हाइट हाउस के किराए के छोटे से कमरे में रहकर शिमला जैसे शहर का रहने वाला मान बहादुर कार्की ने अपने शिक्षण कार्य की नींव रखी और वर्षों से संगीत नगरी में निवास कर रहे हैं और वो यहीं से उन्होंने एक के बाद एक छात्रों को सफलता की ओर अग्रसर किया। उनकी यह जगह आज विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा केंद्र बन चुकी है।

### छात्रों की नजर में 'गुरु समान'

छात्रों और उनके अभिभावकों का मानना है, कि मान बहादुर कार्की केवल शिक्षक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक और सच्चे मित्र हैं। वे शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखते, बल्कि संगीत, कला, शोध, और जीवन मूल्यों का समग्र ज्ञान देते हैं। उनकी शिक्षण शैली और दृष्टिकोण के कारण कई विद्यार्थी आज देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक या शोधार्थी के रूप में कार्यरत हैं। मान बहादुर कार्की जैसे शिक्षकों का समर्पण यह सिद्ध करता है, कि यदि उद्देश्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर बनी रहे, तो शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी सीमा बाधा नहीं बन सकती। उनके योगदान ने न केवल विद्यार्थियों का भविष्य संवारा, बल्कि खैरागढ़ को शिक्षा के मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिलाई।

### इन विद्यार्थियों को यूजीसी-एनईटी में मिली सफलता

खुशी सिंह (मिर्जापुर यूपी), विशेष चौहान (खैरागढ़), कौशल पटेल (बालाघाट), शिवांगी विश्वकर्मा (मंडला), पूर्णिमा चक्रधारी(छत्तीसगढ़), हर्षना सिंगमारे(शिवनी एमपी), श्रुति जैन (कोतमा एमपी), सौम्या पाठक (बालाघाट एमपी), दीपलता राजपूत (बिलासर एमपी), ओमकुमार मिश्रा (झारखंड), शिमला वर्मा (हिमाचल प्रदेश) ये सभी संगीत संकाय और 12. डिलेन्द्र चौधरी (बालाघाट एमपी) ऐ छात्रा अवनध विभाग की है। इन छात्र छात्राओं ने पीएचडी में सफलता प्राप्त की। दिव्यांश लखेरा (शिवनी), गौरव रे (रायपुर), मयंक योगी (अंबागढ़ चौकी), साक्षी नायक (बैकुंठपुर), श्रद्धा बागेश्वर (बालाघाट), लक्ष्मी वर्मा (दुर्ग), रीना सिंह (सतना एमपी), नवनीत चाशमिन सिंह (बिहार), राजश्री मेहरा (मंडला एमपी) सभी संगीत संकाय और ईशा भारद्वाज (जांजगीर चांपा) तंत्री वाद्य विभाग।

# स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों से 31 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण जहां पर चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित नहीं है अथवा शासकीय चिकित्सक पदस्थ नहीं है, वहां निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक से अनुबंध के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक से एक या एक से अधिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं का मानदेय के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इच्छुक निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक 31 जुलाई 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव में आवश्यक जानकारी एवं आवश्यक अभिलेख सहित सादे कागज पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन करने वाले निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक के पास एमबीबीएस अथवा बीएएमएस की डिग्री मान्यता प्राप्त संस्था से तथा विधिवत जीवित पंजीयन अवश्य होना चाहिए।

# दिल्ली में आयोजित कॉंग्रेस ओबीसी लीडरशिप-भागीदारी न्याय सम्मेलन में शामिल होंगे विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी कल 25 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित टॉलकाटोरा स्टेडियम में आयोजित 'कॉंग्रेस ओबीसी लीडरशिप - भागीदारी न्याय सम्मेलन' में शामिल होंगे। यह महत्वपूर्ण सम्मेलन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



इस राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन में देशभर से कांग्रेस पार्टी के ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि एकत्रित होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक न्याय, नेतृत्व में भागीदारी, संगठनात्मक मजबूती और नीतिगत सुझावों पर चर्चा करना है।विष्णु लोधी जी की इस भागीदारी से छत्तीसगढ़ के ओबीसी समाज को राष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखने का सशक्त अवसर मिलेगा।

विष्णु लोधी ने कहा है कि, यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और भागीदारी की दिशा में एक सशक्त कदम है।

कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में उभर रहे हैं विष्णु लोधी

प्रदेश लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम पुरैना के निवासी हैं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में लम्बे समय से सामाजिक न्याय, किसानों के अधिकार, पिछड़े वर्गों की भागीदारी और समाज की गरिमा के लिए संघर्षरत हैं। वे छत्तीसगढ़ के ओबीसी वर्ग की मजबूत आवाज़ के रूप में लगातार सक्रिय रहे हैं।

# अब बिना जाति प्रमाण पत्र के भी भर सकेंगे नवोदय विद्यालय प्रवेश फॉर्म

डोंगरगढ़ (दावा)। जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। इस बार नवोदय विद्यालय समिति ने आवेदन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। अब विद्यार्थी बिना जाति प्रमाण पत्र अपलोड किए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हालांकि चयन के बाद प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



यह परीक्षा राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के अंतर्गत आने वाले कुल 9 विकासखंडों में आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए 21,067 आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि इस वर्ष अभी तक केवल 9,959 फॉर्म ही भरे गए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस बार फॉर्म भरने की रफ्तार धीमी है और जागरूकता की जरूरत है।

नवोदय विद्यालय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित पूर्णतः आवासीय, निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाला विद्यालय है। यह सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है और इसके पूर्व छात्र देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। विद्यालय प्रशासन ने जिले के सभी अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों से अपील की है कि वे योग्य बच्चों के आवेदन समय पर भरवाएं। अब जाति प्रमाण पत्र के बिना भी फॉर्म भरना संभव है, जिससे प्रक्रिया आसान हो गई है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। यह सूचना जनहित में जारी की गई है।

# प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास खैरागढ़ में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय राजनांदगांव द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में आज प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास खैरागढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर ने राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, लोक अदालत व मध्यस्थता के लाभ, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मोटर यान अधिनियम तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ प्रेम संबंध में सहमति से यौन संबंध बनाया जाता है, तब भी पोक्सो कानून लागू होगा। ऐसे मामलों में कानून की जानकारी न होने की दलील नहीं दी जा सकती।



जीवन में लक्ष्य का होना बेहद जरूरी है- डीजे कंवर

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके आधार पर अदालत ऐसे मामलों में सज़ा में किसी तरह की राहत नहीं दे सकतीं। सज़ा की जानकारी न होने की वजह से युवाओं की जीवन और करिअर बर्बाद हो रहा है। डीजे कंवर ने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को ऐसे क़ानूनों के परिणामों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, खासकर स्कूलों और कॉलेजों को इन क़ानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के बारे में सोचना और काम करना जरूरी है। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन भी किया।

शिविर में पैरालीगल वॉलिंटियर गोलू दास साहू ने उपस्थित छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाते हुए छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय जाने की समझाईश दी। साइबर अपराध के संबंध में बताया कि विज्ञान के आविष्कारों का प्रयोग हमें अपनी उन्नति के लिए करना चाहिए।

आगे डीजे कंवर ने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करनी है, तो सबसे पहले लक्ष्य बनाओ। हमें लक्ष्य की प्राप्ति तक स्वयं पर विश्वास और आस्था रखनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वॉलिंटियर गोलू दास साहू और आभार अभिवादन हॉस्टल वार्डन विनीता कोसरे व क्रिस्टीना दास द्वारा किया गया।

# छत्तीसगढ़ को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई न्याय संगत- तरुण हथेल सांसद प्रतिनिधि

डोंगरगढ़(दावा)। विगत 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ प्रदेश को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने जायज करार दिया है। श्री हथेल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि, जिस तरह कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने लड़के चैतन्य बघेल के समर्थन मे पूरी कांग्रेस पार्टी को सामने रखकर इस कार्यवाही को बदले की राजनीति बताकर छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह करने का काम किया है।



वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है, उन्हें याद दिलाना चाहता हूँ। यूं पीए 2 के नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार को देश के उच्चतम न्यायालय ने क्या कहा था सीबीआई समेत उस समय की जितनी न्याय एजेंसी थी उन सबको पिंजरे का 'तोता' क़रार दिया था। कांग्रेस पार्टी को विरोध करने का नैतिक अधिकार नही है।

### 1975 के आपातकाल को आज भी लोग नहीं भूले है

1975 के आपातकाल को भी लोग नही भूले है, 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक आपातकाल लगाकर जो अत्याचार भारत की जनता के उपर किया है और दलितों पिछड़ों गरीबों के नाम पर जो राजनीति शुरु से करते आ रही है। कांग्रेस ने हमेशा अपने जेब भरने का काम करती आ रही है। तरुण ने पूछा ईडी की रडार में तो कई जनप्रतिनिधि उच्च अधिकारी है कई जेल में है उनके लिए तो कांग्रेस कभी सड़क पर नही उतारी, आखिर भूपेश बघेल का पुत्र मोह और सोनिया गांधी का पुत्र मोह पूरी जनता के सामने उजागर है। इससे यह स्पष्ट है की छत्तीसगढ़ राज्य की जनता की लूट की कमाई राहुल तक जाती थी। इसलिए कांग्रेस को लोग एक परिवार की पार्टी मानते हैं। कांग्रेस पार्टी को जांच एजेंसी के ऊपर भरोसा करना चाहिए।

# श्री राम मंदिर पदुमतरा में संस्कृत भारती बाल केंद्र का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। गत 13 जुलाई को श्री राम मंदिर परिसर पदुमतरा में संस्कृत का शुभारंभ किया गया, जो सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को बाल केंद्र संचालित होगा। जिसमें छोटे बच्चों में संस्कृत के प्रति रुचि बाल संस्कार प्राचीन भाषा के श्लोक संस्कृत क्रीड़ा कथा के माध्यम में बाल मन में भारतीय संस्कृति पर शिक्षा और संस्कृत में सरल रूप से बातचित संभाषण कैसे कर सकते हैं उसे रोचक व व रूचिकर रूप से शिक्षा दिया जायेगा। इस सत्र में उपस्थित पुष्पेन्द्र निषाद जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजनांदगांव ने कहा कि संस्कृत मात्र पूजा पाठ मंत्र श्लोक पढ़ने मात्र के लिये नहीं है अपितु भारतीय संस्कृति समाहित भाषा है। आज जर्मनी ने इस भाषा को अपने पाठ्यक्रम में समाहित कर संस्कृत शिक्षा दिया जा रहा है और संस्कृत बोलने से क्या नया लाभ है उसके बारे में बताया। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित ओमकार यादव सह खंड संघ चालक राजनांदगांव ने कहा कि बचपन से संस्कृत सीखने की इच्छा था और इस संस्कृत की शिक्षा राम मंदिर में संचालित होने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इसी क्रम में पूर्व सरपंच एवं जनपद प्रतिनिधि मोहन कुमार साहू ने कहा कि संस्कृत हमारे प्राचीन भाषा है जो विलुप्त होने के कगार पर है पुनः संस्कृत शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है हमको पूरा विश्वास है कि प्राचीन देव भाषा एक दिन जन भाषा बनेगा साथ ही टेकराम साहू ने कहा कि संस्कृत भारती बाल केंद्र में आकार अधिक से अधिक बच्चे इस शिक्षा का लाभ ले। इस बाल केंद्र में शिक्षक संतोष कुमार वर्मा एवं रामचंद साहू ने संस्कृत शिक्षा जीवन का अंग है इस बाल केंद्र में अधिक से अधिक बच्चों को सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया गया व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल व मार्गदर्शन देने के लिए दीनू राम साहू, संजय साहू संघ स्वयं सेवक राकेश गौतम, हरिकिशन सेन और 15 बालिका, 11 बालक बच्चों द्वारा अध्यापन कार्य संपन्न हुए।

# सुंदरा में 27 को गोस्वामी तुलसी दास एवं प्रेमचंद की रचनाओं पर परिचर्चा, कवि गोष्ठी भी होगी

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सुंदरा में 27 जुलाई रविवार को महान साहित्यकार गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचंद की जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत महिला भवन में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के तत्वाधान में मासिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन ग्राम सुंदरा के युवा कवि एवं साकेत साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना के संयोजन में रखा गया है। कार्यक्रम 11 बजे से है जिसमें उपस्थित साहित्यकार महान साहित्यकार गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचंद की रचनाओं पर विचार व्यक्त करेंगे। प्रथम सत्र मे परिचर्चा के बाद द्वितीय सत्र में श्रावणी काव्य गोष्ठी का दौर चलेगा। इस परिचर्चा में शामिल होने के लिए दूर-दूर से साहित्यकार अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, सचिव राज कुमार चौधरी रौना, गोष्ठी के संयोजक कवि पवन यादव पहुना ने स्थानीय कवियों, साहित्यकारों से नियत समय में उपस्थित होने की अपील की है।



# कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस 2025 थीम पर कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल तथा आइक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस 2025 थीमः 'एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि आज के युग में युवा कौशल विकास का महत्व और भी बढ़ गया है, यह दिवस हमें सोचने और समझने का अवसर प्रदान करता है कि युवा पीढ़ी में कौशल और प्रतिभाओं का विकास कैसे किया जा सके। इस दिवस पर सत्यम ओझा, अशोक कुमार, शांति, वैशाली, तरुण, उज्ज्वल, गायत्री, याज्ञवल्क्य सहित विभिन्न छात्रों ने उक्त थीम पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि युवा अपने कौशल को अधिकतम रखनें के साथ-साथ उनमें विविधताएं भी लेकर आए जैसे नए भाषण सीखना, विभिन्न कलाओं में अपनी रुचिया विकसित करना और हमेशा नए-नए अनुभव एवं तकनीकों का अवलोकन करना।

हमारे देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है हम सब मिलकर कौशल विकास की यात्रा पर चले और अपने देश को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए प्रतिबंध रहे।

# 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक, इन जमीनों की भी नहीं होगी खरीदी-बिक्री

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में अब 5 डिसमिल से कम क्षेत्रफल की कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी। राज्य सरकार ने खेती की जमीन की इस तरह की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। हालांकि यह नया नियम शहरों में लागू नहीं होगा। शहरी क्षेत्रों में डायवर्टेड भूमि जो व्यवसायिक और आवासीय उपयोग के लिए है, उसकी रजिस्ट्री पहले की तरह होती रहेगी। पंजीयन महानिरीक्षक ने प्रदेश के सभी जिला पंजीयकों को इस संदर्भ में पत्र लिखा हैं, जो प्रदेश के सभी जिला पंजीयक कार्यालयों को मिल चुका है।



### पिछली सरकार के फैसले को पलटा

सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के फैसले को पलट दिया है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक-2025' लाया गया था, जिसमें जमीनों की खरीदी-बिक्री को लेकर कई तरह के प्रावधान किए गए थे। इसमें 5 डिसमिल से कम आकार की कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं करने का नियम भी शामिल था। अब इस नियम के राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही सभी जिला पंजीयकों को आदेश जारी किया गया है।

### कृषि भूमि भी बिक रही थी टुकड़ों में

17 जुलाई को लाए विधेयक में वर्तमान भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के फैसले को पलटा है। पहले 5 डिसमिस से कम कृषि भूमि की भी टुकड़ों में रजिस्ट्री की जा रही थी। इससे किसान अपनी सहूलियत के अनुसार जमीन बेचने को स्वतंत्र थे। विधेयक पारित करने के दौरान राज्य शासन की ओर से तर्क दिया गया कि कांग्रेस शासन में 5 डिसमिल से नीचे कृषि भूमि की रजिस्ट्री होने के कारण पूरे प्रदेश में अवैध प्लॉटिंग शुरू हो गई। इससे जगह-जगह समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं।

### आदेश की आड़ में मनमानी भी

जमीन संबंधी विधेयक पारित होने के बाद इसकी आड़ में मनमानी की शिकायत भी सामने आ रही है। रजिस्ट्री कार्यालय के वेंडरों से मिली जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र की 5 डिसमिल से कम डायवर्टेड जमीन की भी रजिस्ट्री पर रोक लगाई जा रही है। इसकी वजह स्थिति स्पष्ट न होना था। इस चक्कर में वैध निजी 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री में भी अड़ंगा लगने की जानकारी मिल रही है। लेकिन राज्य के पंजीयन महानिरीक्षक के निर्देश जारी होने के बाद वैध डायवर्टेड 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री भी हो सकेगी।

पंजीयन महानिरीक्षक से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदेश में अब 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी। लेकिन डायवर्टेड वैध जमीन की 5 डिसमिल से कम होने पर भी पूर्ववत रजिस्ट्री होगी। इसमें कोई फेरबदल नहीं किया गया है।

## रजिस्ट्री नहीं होने से पारिवारिक बंटवारे में होगी समस्या



**गरीब किसानों के हितों पर सरकार का संवेदनहीन प्रहार : कमलजीत पिन्टू**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक-2025' में अब 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी। जिसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने सरकार के इस फैसले पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह संशोधन गरीब किसानों, सीमांत कृषकों के अधिकारों पर सीधा हमला है। यह नीति बड़े ज़मींदारों और पूंजीपतियों के हित में है। इससे गरीब किसानों को अपनी थोड़ी-बहुत भूमि के बंटवारे या उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों में भारी अड़चन आएगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर परिवारों में भूमि के छोटे टुकड़े वारिसों में बाँटे जाते हैं, इस कानून से हज़ारों परिवारों के हक पर चोट पहुंचेगी। श्री पिंटू ने कहा कि इस कानून को वापस ले या संशोधित करें यह गरीब किसानों के हितों पर संवेदनहीन प्रहार हैं। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। 5 डिसमिल कम भूमि की खरीदी-बिक्री भी नहीं होगी। निम्न और मध्यम आय वर्ग के अधिकांश लोग एक-दो डिसमिल भूमि ही ले पाते है। अब छोटी भूमि की रजिस्ट्री बंद होने से ऐसे लोग जमीन ही नहीं खरीद पाएंगे। ऐसे लोगों के भविष्य के लिए जमीन की खरीदी के सपने को भी सरकार ने तोड़ दिया है।

# कारनामे खैरागढ़ जनपद के खर्चों की लंबी फेहरिस्त, भुगतान पर उठे सवाल, फूल-यात्रा से फोटो कापी तक, विपक्ष हमलावर

## अब जांच के घेरे में 31 लाख से अधिक की राशि, जनपद खैरागढ़ में खर्च



खैरागढ़ (दावा)। अब जांच के घेरे में 31 लाख से अधिक की राशि, जनपद पंचायत में खर्च, कई खर्चों पर पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहें हैं। जनपद पंचायत खैरागढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 और चलित वित्तीय वर्ष 2025-26 के बीच कुल 31 लाख 22 हजार 236 रुपए से अधिक की राशि सिर्फ विविध आयोजनों, कार्यालयीन खर्च, जीर्णोद्धार और उपकरणों की खरीददारी में खर्च की गई है। कई खर्चों पर पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं कुछ मामलों में बिना किसी आयोजन के भी भुगतान किया गया है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, पंचायत निर्वाचन के नाम पर 17 बिलों के आधार पर 12 लाख 52 हजार 943 रुपए की भारी भरकम राशि निकाली गई है। इसमें सबसे ज्यादा राशि 6.61 लाख रुपए टेंट-पंडाल पर, 1.83 लाख साउंड सिस्टम पर, 27 हजार वीडियो ग्राफी, 8 हजार फ्लेक्स प्रिंटिंग, 2.76 लाख स्वल्पाहार, 47 हजार स्टेशनरी और 47 हजार वाहन किराए पर खर्च किए गए।

### सुशासन तिहार, फोटो कापी और अध्यक्ष रूम की मरम्मत में भी लाखों खर्च

जनपद पंचायत में फोटो कॉपी के नाम पर 44,533 रुपए खर्च किए गए, जिसमें से 39,913 रुपए मनरेगा शाखा और 4,560 रुपए ऑन रिसोर्स मद से भुगतान हुआ। सुशासन तिहार के आयोजन में भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए 48,964 रुपए पांच अलग-अलग बिलों के माध्यम से निकाले गए। इसके अलावा कार्यालय रंग-रोगन पर 21,050 रुपए, फर्नीचर खरीदी पर 47,000 रुपए, सीसीटीवी कैमरा स्थापना पर 89,656 रुपए, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं डीईओ कक्ष के जीर्णोद्धार में 3.01 लाख रुपए का भुगतान हुआ। राष्ट्रीय पर्व आयोजन में 96,075 रुपए, डीएससी निर्माण पर 7,500 रुपए, सम्मेलन खर्च में 90,869 रुपए और रामलाल दर्शन योजना के अंतर्गत फूल-यात्रा खर्च में 1.29 लाख रुपए निकाले गए।

### स्टेशनरी और बिजली बिल में भी बड़ा खर्च, विविध व्यय में एक लाख से ज्यादा

विविध खर्चों के नाम पर 21 बिल लगाकर 1.43 लाख रुपए अलग-अलग फर्मों को दिए गए हैं। ऑफिस एक्सपेंस में 1.44 लाख रुपए निकाले गए। सचिव की मृत्यु पर परिजनों को सहायता सहित जीएसटी, टीडीएस आदि मदों में 103000 रुपए का भुगतान किया गया। स्टेशनरी के नाम पर 2.36 लाख रुपए खर्च किए गए, जिसमें मनरेगा शाखा से 98,789 रुपए तथा शेष ऑन रिसोर्स से भुगतान हुआ। बिजली और इंटरनेट बिल के नाम पर 24 बिल लगाकर कुल 1.99 लाख रुपए निकाले गए।

### फोटो कॉपी मशीन 1.26 लाख की खरीदी बनी सवालों का केंद्र

जनपद पंचायत ने 1.26 लाख रुपए में फोटो कॉपी मशीन खरीदी है, जिसकी बाजार कीमत को लेकर संदेह जताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह दर काफी अधिक है। इसके साथ ही प्रिंटर, सीपीयू, मॉनिटर, नेट प्रोटेक्टर, टोनर रिपेयरिंग जैसे उपकरणों की खरीदी व मरम्मत पर 1.33 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

### विपक्ष की नजरें सामान्य सभा पर, बिना शिविर के भुगतान

जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन पर 3.01 लाख रुपए खर्च किए गए, जबकि कई स्थानों पर शिविर हुए ही नहीं। इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया। विपक्ष इसे लेकर नाराज है और सामान्य सभा की बैठक में मुद्दा उठाने की तैयारी में है।

### मोटी रकम खर्च, वाहन किराए में

जनपद पंचायत द्वारा वाहन किराया मद में कुल 4.16 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें से 3.95 लाख रुपए मनरेगा शाखा, 6 हजार ऑन रिसोर्स से राजेन्द्र कृषि गाड़ाघाट को और 15 हजार रुपए प्रशिक्षण हेतु पीओ उपेंद्र वर्मा के हैदराबाद दौरे के लिए भुगतान किया गया है।

### प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

इस पूरे मामले की जानकारी जिला पंचायत प्रशासन को भी है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर जांच या कार्यवाही नहीं हुई है और पारदर्शिता की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जनसंगठनों में आक्रोश है। पंचायत में खर्च को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

> बिना आयोजन के भुगतान और लाखों की खरीदी जनपद में गंभीर वित्तीय गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। आगामी सामान्य सभा में हम पूरा हिसाब मांगेंगे, ये जनता का पैसा है, कोई मजाक नहीं।
> — भूखन बंजारे, जनपद सदस्य

# विचारों एवं सिद्धांतों की पूंजी लेकर संगठन विस्तार करें - योगेश दत्त मिश्रा

### भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि भामसं के विचार और सिद्धांत ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। संगठन ने अपने सैद्धांतिक आधार के दम पर ही श्रमिक क्षेत्र में अपनी पैठ बनाई, अपने कालजयी विचारों के बदौलत प्रतिस्पर्धी ट्रेड यूनियनों को पछाड़ते हुये सबसे आगे हो गया। हमें अपने विचारों और सिद्धांतो की पूंजी के बल पर संगठन कार्य का विस्तार करते रहना चाहिये। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि समारोह में श्री मिश्रा ने आगे कहा कि संसार के सारे सिद्धांत व विचार चाहे वह पूंजीवाद हो, चाहे साम्यवाद हो सारे समय के साथ दम तोड़ते नजर आ रहे है, इन सबका आधार समाप्त प्रायः है। इनके पीछे चलने वाले गिनती के लोग बचे है, लेकिन जिन विचारों और सिद्धांतों को लेकर भारतीय मजदूर संघ चल रहा वह सर्वकालिक है। यह चराचर रहने वाला है, अतएव हम सब मिलकर संगठन कार्य का विस्तार करें। श्री मिश्रा ने 1962 के चीन युद्ध का जिक्र करते हुये कहा कि उस समय जब देश संकट में था, तत्कालीन वामपंथियों ने प्रतिरक्षा के कारखानों में हड़ताल की घोषणा करके देश को संकट में डाल दिया था। जबकि भामसं के कार्यकर्ताओं ने बिना पैसे लिये ओवरटाईम प्रतिरक्षा कारखानों में काम करके देश को संकट से निकाला था। राष्ट्र के प्रति हमारी यही निष्ठा हमें अन्य संगठनों से अलग रखती है। समारोह को सुदर्शन दास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया, संचालन गोपाल साहू ने किया। समारोह के प्रारंभ में भगवान विश्वकर्मा, भारतमाता व दंतोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। जी.ई. रोड स्थित सी.जे. तेंदूपत्ता गोदाम में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा ने किया। मंच पर अल्का बारसागढ़े व केशव राम सिन्हा उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला मंत्री नरेश कुमार साहू, निर्माण मजदूर संघ की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती भारती शर्मा, जयप्रकाश साहू, हेमंत साहू, ठाकुर राम यादव, पुहूप दास साहू, फागूराम यादव, बहल राम, कुशल यादव, गौतम भगेला, राजेन्द्र, श्रीमती सुरेखा कोमरे, धनेश्वरी साहू, दीपाली कंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

## दिग्विजय कालेज के छः विद्यार्थी नेट उत्तीर्ण

राजनांदगांव (दावा)। यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में दिग्विजय महाविद्यालय के छः विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता के लिए प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता ने संबंधित विभाग सहित उनके सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। इस संबंध में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने बताया कि विगत जून माह में आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में हिंदी विभाग के चार और कामर्स के दो शोधार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनके नाम हैं आरती झारिया, निकिता अंबादे, मनीष टाण्डेकर और कुंदन निषाद तथा कामर्स के मनोहर लाल और डालेन्द्र। इनमें आरती झारिया और मनोहर लाल ने असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा की पात्रता प्राप्त की है। जबकि शेष विद्यार्थियों ने पीएचडी में प्रवेश के लिए अर्हता हासिल की है।

# मोहारा के पास तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

### नाले में गिरे तीनों बाईक सवार, हास्पीटल में कराया गया भर्ती



राजनांदगांव (दावा)। हरेली त्योहार के दिन मोहारा के पास सुबह 9 बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक में सवार तीन युवक सड़क किनारे के नाले में गिर गए जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को 112 वाहन में भरकर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाया गया, वहां गंभीर रूप से ज़ख्मी 37 वर्षीय युवक कुणाल साहू पिता चतरु साहू निवासी भांठा गांव-करमतरा की मौत हो गई।

बसंतपुर थाना प्रभारी में साहू ने बताया कि गुरुवार की सुबह हल्की-हल्की बारिश हो रही थी इस दौरान सुबह मोहारा के पास अज्ञात कार द्वारा सामने से सीजी 8821 में सवार होकर आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार नाले में गिर गए इस हादसे से वहां पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने नाले में गिरे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला और 112 वाहन बुलाकर घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भिजवाया। बताया जाता है कि गनीमत है कि नाले में पानी नहीं भरा था नहीं तो घटना में तीनों लोगों की वहीं पर ही जान जा सकती थी। लेकिन उनमें से एक युवक कुणाल की मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए ले जाते समय जान चली गई। पुलिस द्वारा उक्त आरोपी कार चालक की खोजबीन की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है, खेत जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत



खैरागढ़ (दावा)। हरेली त्यौहार में छाया मातम, परिवार जन सहित वार्ड वासी भी हतप्रभ रह गए, पूरा वार्ड शोक में डुब गया। छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक पर्व हरेली जिसे खेती-किसानी और किसानों की आस्था का प्रतीक माना जाता है, उसी शुभ बेला में सुबह एक किसान की खेत जाते हुए दर्दनाक मौत की ख़बर ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। खैरागढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 2 पिपरिया निवासी ओमकार वर्मा उम्र लगभग 45 वर्ष रोज की तरह सुबह खेत की ओर पैदल निकले थे। अल सुबह करीब 6 बजे जब वे डिमरीनकुआं से पहले नहर-नाली के पास पहुँचे, उसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि ओमकार वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने जब उन्हें सड़क किनारे लहूलुहान हालत में देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना खैरागढ़ की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवारजनों को सौंप दिया गया।

# बाड़ी से मिले 70 नग सागौन के गोले, वन विभाग ने की जप्ती

अंबागढ़ चौकी (दावा)। पानबरस परियोजना वन मंडल मोहला की टीम ने ग्राम अमलीडीह में एक किसान के घर की बाड़ी से लगभग 70 नग सागौन के गोले जप्त किए हैं। वन विभाग की टीम तेंदुए द्वारा एक सुवर को उठा ले जाने की घटना की जांच के लिए ग्राम पहुंची थी, जहां अगनू राम कोरेटी की बाड़ी में भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी पाई गई। वन विभाग के अनुसार, किसान के पास सागौन लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी को जप्त कर मोहला डिपो में रखवाया गया।





**किसान का दावा, निजी खेत का पेड़, दस्तावेज नहीं**

परियोजना वन मंडल मोहला के उप मंडलाधिकारी बीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि सागौन की लकड़ी की मात्रा करीब 4 घन मीटर आंकी गई है, जिससे अनुमान है कि यह करीब 13 पेड़ों की लकड़ी हो सकती है।

किसान अगनू राम कोरेटी का कहना है कि यह लकड़ी उसके निजी खेत की है, लेकिन राष्ट्रीयकृत काष्ठ (सागौन) होने के कारण इसके लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक होती है, जो कि प्रस्तुत नहीं की गई।

प्रथम दृष्टया मामला अवैध कटाई का प्रतीत होता है, जिसमें लकड़ी को बाड़ी में छुपाकर रखा गया था। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल जांच जारी है, और पुष्टि के बाद ही यह तय किया जाएगा कि यह सागौन खेत का है या वन क्षेत्र से काटा गया।

# मोहड़ गोलीकांड के मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस ने बसंतपुर थाने में बोला हल्ला

राजनांदगांव (दावा)। मोहड़ वार्ड नं. 49 में विगत डेढ़ माह पूर्व रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर मारपीट व बंदूक की नोक पर वारदात को अंजाम दिया था। प्रदेश के गृहमंत्री का प्रभार व वीआईपी जिला कहलाने वाला राजनांदगांव संस्कारधानी कलंकित हो गई। जिसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं मोहड़ आकर घटनास्थल पर जाकर पीड़ितों एवं मोहड़ के नागरिकों से मिलकर चर्चा की थी। आठ दिन के अंदर मुख्य आरोपी संजय सिंह सहित सभी की गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तार नहीं होने पर थाना घेराव के निर्देश दिए थे, शहर कांग्रेस द्वारा इस बाबत प्रशासन को पत्र भी दिया गया था लगातार घटना में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते आ रहा है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी हुई थी। इसके बावजूद अब तक मुख्य आरोपी भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 24 जुलाई को सैकड़ों कांग्रेसजन व मोहड़ के ग्रामीणों की उपस्थिति में बसंतपुर थाने का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गिरफ्तारी की मांग कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर 7 दिनों के अंदर न्याय दिलाने की मांग रखी।



पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है, आरोपियों को बचाने हरसंभव प्रयास कर रही है। मोहड़ गोलीकांड के सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें नहीं तो आने समय में इससे बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। मानपुर विधायक इंदरशाह मंडावी ने कहा कि राजनांदगांव जहां शांति का टापू कहा जाता है, आज उस शहर में बाहर से गुडे बदमाश बुलाकर अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। मोहड़ वार्ड में निर्दोष ग्रामीणों पर जबदस्ती मारपीट कर उन पर गोलियां चलाई। भाजपा सरकार की करनी और कथनी आज पूरा प्रदेश देख रहा है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही प्रदेशभर में गुड़ों बदमाशों को संरक्षण मिला गया है जिसके कारण आज माताएं-बहने, निर्दोष जनता असुरक्षित हो गयी है। मोहड़ की घटना निंदनीय है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोहड़ वार्ड में भाजपा के पदाधिकारी संजय सिंह द्वारा अवैध रेत उत्खन्न किया जा रहा जिसे ग्रामीणों द्वारा मना करने पर निर्दोष ग्रामीणों से मारपीट कर उन पर गोलियां चलाई जो कि पूर्णत गलत है। ग्रामीणों द्वारा गाड़ी नंबर सहित पुलिस को पूरा साक्ष्य दे चुके हैं ये वही संजय सिंह है जो भाजपा के पदाधिकारी है और मप्र का रहने वाला है।

इस दौरान प्रमुख रूप से श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिन्टू, पदम कोठारी, बृजेश शर्मा, मेहुल मारू, डा. आफताब आलम, विवेक वासनिक, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, रईस अहमद, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहिनी सिन्हा, अमित खंडेलवाल, अभिमन्यु मिश्रा, माया शर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखीजा, घनश्याम देवांगन, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अमिन हुद्दा, राजा तिवारी, सतीश मसीह, छोटेलाल रामटेके, अशोक फडनवीस, कीर्ति साहू, डॉ. रूबीना अल्वी, इकरामुद्दीन सोलंकी, शमसुद्दीन सैफी, जयनारायण सिंह, रौशनी सिन्हा, प्रवीण मेश्राम, विनय झा, शरद पटेल, अवधेश प्रजापति, मनीष गौतम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व ग्रामीण शामिल हुए।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com